

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 233, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## पीएम मोदी ने किया इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 का उद्घाटन, 190 से ज्यादा देश ले रहे हिस्सा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) की ओर से आयोजित किए जाने वाली विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) का उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के आठवें संस्करण का भी उद्घाटन किया।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में कई लेटेस्ट इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और 6जी डेवलपमेंट के अपडेट आदि की जानकारी मिलेगी। इस दौरान टेलीकॉम स्टेकहोल्डर्स भी मौजूद थे। डब्ल्यूटीएसए दुनिया भर के दूरसंचार मानकों को तय करने वाली एक महत्वपूर्ण बैठक है। यह अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के मुख्य सम्मेलनों में से एक है, जिसे हर चार साल में आयोजित किया जाता है।




भारत और एशिया-प्रशांत में पहली बार आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए का आयोजन किया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम है जो 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, नीति-निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर एकत्रित करने जा रहा है। डब्ल्यूटीएसए 2024 देशों को 6जी, एआई, आईओटी, बिग डेटा, साइबर सुरक्षा आदि जैसी अगली पीढ़ी की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मानकों के भविष्य पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है। भारत में इस कार्यक्रम की मेजबानी से देश के वैश्विक दूरसंचार एजेंडे को आकार देने और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।

इसके जरिए भारतीय स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थान बौद्धिक संपदा अधिकार और मानक अनिवार्य पेटेंट विकसित करने में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में भारत के इनोवेशन संबंधी इकोसिस्टम का प्रदर्शन होगा, इसमें अग्रणी दूरसंचार कंपनियां और इनोवेटर क्वांटम तकनीक और सर्कुलर इकोनॉमी में प्रगति को उजागर करेंगे। साथ ही, 6जी, 5जी यूज-केस शोकेस, क्लाउड और एज कंप्यूटिंग, आईओटी, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, ग्रीन टेक, सैटकॉम और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर भी प्रकाश डालेंगे एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस उद्योग जगत, सरकार, शिक्षाविदों, स्टार्टअप और प्रौद्योगिकी समेत दूरसंचार क्षेत्र के इकोसिस्टम में अन्य प्रमुख हितधारकों के लिए अभिनव समाधान, सेवाओं और अत्याधुनिक उपयोग के मामलों को प्रदर्शित करने के लिए दुनिया भर में एक प्रसिद्ध मंच बन गया है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में 400 से अधिक प्रदर्शकों, लगभग 900 स्टार्टअप और 120 से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी। इस आयोजन का उद्देश्य 900 से अधिक तकनीकी उपयोग परिदृश्यों का प्रदर्शन करना, 100 से अधिक सत्र और चर्चाएं आयोजित करना है, जिसमें 600 से अधिक वैश्विक और भारतीय वक्ता शामिल होंगे।

## परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक बल के 26वें महानिदेशक का कार्यभार संभाला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के 26वें महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। वह 35 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान तटवर्ती और समुद्री क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें उत्कृष्ट सेवा के लिए 2014 में तटरक्षक पदक और 2019 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक से सम्मानित किया गया था। वे 2012 में डीजी कोस्ट गार्ड प्रशस्ति और 2009 में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (पूर्व) प्रशस्ति से भी सम्मानित किये जा चुके हैं।

कोस्ट गार्ड के अनुसार महानिदेशक परमेश शिवमणि नौ-संचालन और दिशा-निर्देशन के विशेषज्ञ हैं और उनकी समुद्री कमान में उन्नत समुद्री गश्ती जहाज 'समर' और 'विश्वस्त' सहित भारतीय तट रक्षक बल के सभी प्रमुख जहाज शामिल हैं। वे तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व), तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम), तटरक्षक कमांडर (पूर्वी समुद्र तट) के शीर्ष पदों पर रहे हैं। वे नेशनल डिफेंस



कॉलेज, नई दिल्ली और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्हें मुख्यालय में गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। महानिदेशक परमेश शिवमणि को सितंबर, 2022 में अपर महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया और फिर उनकी नियुक्ति तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में की गई थी। उन्हें अगस्त, 2024 में तटरक्षक महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस अवधि के दौरान कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन और अभ्यास संपन्न किए गए, जिनमें करोड़ों रुपये की नशीली दवाओं, मादक पदार्थों और सोने की जब्ती, गंभीर चक्रवाती तूफानों के दौरान नाविकों का बचाव, विदेशी तट रक्षकों के साथ संयुक्त अभ्यास, अवैध शिकार विरोधी अभियान, चक्रवातों/प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और तटीय सुरक्षा अभ्यास शामिल हैं।

## अब्दुल कलाम का जीवन सभी के लिए प्रेरणा : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका विजन और चिंतन विकसित भारत के संकल्प सिद्धि में देश के बहुत काम आने वाला है।'

एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने एपीजे अब्दुल कलाम के साथ ली गई अपनी विभिन्न तस्वीरों वाला एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए डॉ. कलाम की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब्दुल कलाम में सहजता और सरलता स्वाभाविक रूप से थी। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, एक वह जो अवसरों की तलाश करते हैं और



दूसरे वह जो चुनौतियों की तलाश करते हैं। अब्दुल कलाम हमेशा चुनौतियों की तलाश में रहते थे। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि किस तरह यह विशेषता कलाम के जीवन को परिभाषित करती है। डॉ. कलाम की अद्वितीय उपलब्धियों पर टिप्पणी करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह बहुत दुर्लभ बात है कि कोई व्यक्ति राष्ट्रपति बनने से पहले ही ÷राष्ट्र रत्न÷ बन जाए। यह सम्मान अब्दुल कलाम के असाधारण जीवन और उपलब्धियों के बारे में बहुत कुछ कहता है। अपने एक संस्मरण को साझा करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा जब डॉ. कलाम से पूछा गया कि वह कैसे याद किए जाना चाहेंगे। उन्होंने सरलता से जवाब दिया था, 'मुझे एक शिक्षक के रूप में याद किया जाना पसंद है।' पीएम मोदी ने कहा कि कलाम का यह उत्तर न केवल उनके शिक्षकों के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाता है, बल्कि उनके अडिग विश्वास और जीवनभर की प्रतिबद्धताओं को भी उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. कलाम द्वारा दिए गए मूल्यों को बनाए रखने के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए अंत में कहा, ÷अब्दुल कलाम के आशीर्वाद से हम उनकी शिक्षाओं द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। यह उनके लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।' वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, 'भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। वे एक आदर्श और दूरदर्शी व्यक्ति थे, जो अपने समर्पण, नवाचार और देशभक्ति के लिए जाने जाते थे।

## राजस्थान में इस साल डेंगू के प्रकोप से अब तक छह लोगों की मौत

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान में इस साल डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इस साल डेंगू के कारण छह लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 14 साल का लड़का भी शामिल है। 14 साल के गिरिराज को चार दिन पहले अलवर के एक अस्पताल में तेज बुखार के साथ भर्ती कराया गया था। मरीज में डेंगू की पुष्टि की गई। हालांकि, दो दिन के उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और रविवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, मरीज की हालत फिर बिगड़ गई और अलवर अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी मिली है कि डेंगू से मरने वाला गिरिराज अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। अब तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में डेंगू से छह लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें एक आरएएस अधिकारी, एक डॉक्टर, एक नर्सिंग छात्रा और एक व्यापारी शामिल हैं। उदयपुर में आरएएस अधिकारी तारू सुराणा की करीब 17



दिन तक डेंगू का इलाज चलने के बाद 5 अक्टूबर को मौत हो गई। दौसा जिले के सरकारी अस्पताल में तैनात डॉ. ज्योति मीना में 24 सितंबर को डेंगू के लक्षण दिखे। 25 सितंबर को उनकी प्लेटलेट्स मात्र 12,000 रह गई और उसी दिन उनकी मौत हो गई। पाली के एक व्यापारी और कोटा में एएनएम की ट्रेनिंग कर रही छात्रा को भी बुखार आया और फिर जांच में वह डेंगू पॉजिटिव पाए गए। धीरे-धीरे उनकी तबीयत बिगड़ती गई और उनकी मौत हो गई। झुंझुनूं के बिसाऊ के वार्ड 12 निवासी खेरूनिशा (36) को 4 अक्टूबर को चूरू के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला को तेज बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द और डिहाइड्रेशन की शिकायत थी। वह भी डेंगू पॉजिटिव पाई गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सलमान खान की सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई।** राकांपा नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद फिल्म अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुंबई पुलिस ने सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट, पनवेल के फार्महाउस के साथ उनकी शूटिंग सेट पर भी पुलिस टीम तैनात करने का निर्णय लिया है। साथ ही सलमान खान से अपने हर दिन के प्रोग्राम पुलिस को शेयर करने को कहा गया है। फिल्म अभिनेता सलमान खान को पिछले कई महीनों से धमकी मिल रही है। गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई की ओर से सलमान खान को धमकी मिल चुकी है। यहां तक कि सलमान खान के आवास के बाहर फायरिंग की जा चुकी है।




# रक्षक ही बने भक्षक परिजनों ने नहीं उठने दिया घंटो तक शव

## युवक की शामली में उप निरीक्षक के घर मौत का मामला, परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** स्योहारा थाना क्षेत्र के मुंडाखेड़ी गांव के दीपक की संदिग्ध हालातों में हुई मौत से गांव में मातम का माहौल है। जब मंगलवार की सुबह लगभग 3:00 बजे दीपक का शव गांव पहुंचा, तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच दीपक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस पूरी घटना में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक ने स्योहारा थानाअध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।जिला बिजनौर स्योहारा थाने में तैनात उप निरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार और महिला आरक्षी अन्नु कुमारी, एक प्रेमी युगल को आवला चंडीगढ़ से लेकर बिजनौर ला रहे थे। उप निरीक्षक के साथ किशोरी के माता-पिता और चार अन्य परिजन भी थे। रविवार की रात को उप निरीक्षक सुनील कुमार अपने भाई के मकान पर शामली में रुका। वहीं, पुलिस हिरासत में दीपक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया।



**गांव में आक्रोश, पुलिस ने संभाला मोर्चा**

दीपक का शव जब उसके घर पहुंचा, तो परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। गांव में आक्रोशित भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया। काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, लेकिन आखिरकार परिजन अंतिम संस्कार के लिए मान गए।

**भारी पुलिस बल की तैनाती**

घटना को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर गांव में एसपी सिटी संजीव वाजपेयी, एएसपी धर्म सिंह मर्छल, सीओ नगीना, सीओ धामपुर सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस हिरासत में दीपक की मौत संदिग्ध है और उन्होंने इस मामले में शामली पुलिस कर्मियों और आरोपी परिजनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध गांजा के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में अवैध मांदक/द्रव्य पदार्थों की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना तरया सुजान पुलिस टीम द्वारा थाना तरयासुजान क्षेत्र से 2 अभियुक्तों दिनेश यादव पुत्र हृदया यादव सा0 तिनफेडिया थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर, विरेन्द्र गुप्ता पुत्र शिवधर गुप्ता सा0 बनवरिया थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 किलो अवैध गांजा की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम ने फसल अवशेष प्रबन्धन प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। फसल अवशेष प्रबन्धन यथा-पराली/पुवाल/पैरा/ठूँठ एवं केले का तना इत्यादि फसल अपशिष्ट जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे धुयें द्वारा वातावरण में पहले से विद्यमान विभिन्न गैसों के साथ कोलाइड बनाने से वायु अत्यन्त ही प्रदूषित व जहरीली हो जाती है। उक्त के सम्बन्ध में आप अवगत हों कि मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली ओ0ए0 संख्या-666/2018 (पूर्व ओ0ए0 नं0-451/2018) श्रीमती गंगा लालवाणी बनाम यूनियम ऑफ इण्डिया एवं अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनॉक-15.10.2019 में आदेश दिया गया कि फसलों की कटाई के उपरान्त बचे हुये भूसे को जलाया जाना प्रतिषिद्ध करते हुये अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कृषि अपशिष्टों को जलाये जाने की घटनाओं को रोकने हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करने एवं पराली/कृषि अपशिष्ट को जलने से रोकने हेतु प्रचार-प्रसार वाहन- फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराने तथा इसके न जलाने से भूमि में होने वाले लाभों से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक तहसील/विकासखण्डों में प्रचार वाहन द्वारा लोगों को जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डा0सन्तराम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार कुश्वाहा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में सड़क दुर्घटना को कम किए जाने के लिए यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवम यातायात पुलिस द्वारा माल वाहक वाहन द्वारा सवारियों का परिवहन करने वाले वाहनों पर तथा दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, सवारी ई रिक्शा पर माल को ढोने वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई की गई तथा बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर बिना सीट बेल्ट का प्रयोग न कर वाहन चलाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई और नाबालिक द्वारा वाहन चलाने वालो की सघनता से चेकिंग कर कार्रवाई की गई तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई ।

## धाता पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना धाता पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त शनि सरोज पुत्र राजाराम निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

## फरियादियों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** प्रतिदिन की तरह पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। थाना स्तर से न्याय ना मिलने पर फरियादी पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचे और अपनी व्यथा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को उन्होंने सुना तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## सौ कृषकों के दलों को प्रशिक्षण के लिए डीएम ने किया रवाना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र में भ्रमण सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ;(आत्मा) योजनान्तर्गत 100 कृषकों का दल पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय भ्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सैम हिंग्गिनबाटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी एण्ड साइन्सेस शुआट्स नैनी प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। यह दल पाँच दिवसों तक विभिन्न फसलों की उच्च उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पशु.पालन एवं दुग्ध उत्पादन की भी जानकारी प्राप्त करेंगे एवं प्राकृतिक खेती का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेंगे और जनपद वापस आने पर अपने ग्राम एवं आस.पास के अन्य कृषकों में भी नयी तकनीकी का प्रचार.प्रसार करेंगे।




इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डॉव सन्तरामए बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहाए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

## इंस्पेक्टर कोखराज ने शांति ब्यवस्था हेतु किया पैदल गस्त



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।**कोखराज क्षेत्र के राला चाकवन चौराहे में मंगलवार को कोखराज कोतवाल ने अपने हमराहियों के साथ पैदल गस्त कर शान्ति ब्यवस्था बनाये रखने की अपील की उन्होंने कानून व्यवस्था का जायजा लिया लोगों से वार्ता की और उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कानून का पालन करने के लिए निर्देशित किया सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह जगह पुलिस मुस्तैद दिखी इस मौके पर कोखराज एसओ दुर्गेश कुमार गुप्ता अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे और सन्दिग्ध वाहनों की जाँच कर कार्यवाही करने को निर्देशित किया।

## वीडियो/पंपलेट के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर



महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया ।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरुक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में बस स्टैण्ड व कलेक्ट्रेट के पास मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत यूपी 112 मुख्यालय टीम द्वारा दर्पण संस्थान के साथ जन जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवाओं तथा शिकायतों के निवारण हेतु 1. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 2. वूमेन पावर लाइन (1090) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, प्रभारी निरीक्षक 112 अरुण प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति दीदी ने स्कूल व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं बच्चों को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान ( फेज-05 ) के अन्तर्गत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव,विद्यालय व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना मंझनपुर बैंक व कस्बा मंझनपुर में भ्रमण कर , थाना महेवाघाट राजकीय हाईस्कूल व उच्च प्राथमिक विद्यालय महेवा, थाना करारी नेता नगर व इन्द्रा नगर/करारी चौराहा/सब्जी मण्डी में थाना कोख?ज क्षेत्र में , थाना पश्चिम शरीरा प्राथमिक भगवतपुर कटरी में , थाना पिपरी इंग्लिस मीडियम प्राथमिक विद्यालय पिपरी में , थाना कड़ाधाम क्षेत्र व मां शीतला धाम मन्दिर परिसर में , थाना संदीपनघाट राजकीय आश्रम पद्यति आवासीय बालिका विद्यालय कोईलहा में , थाना सैनी एसएवी पब्लिक स्कूल में , थाना चरवा आदर्श इण्टर कॉलेज में , महिला थाना मंगला प्रसाद सकुंतला देवी इण्टर कालेज समसाबाद में, थाना सराय अकिल प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में, थाना मो0पुर पइन्सा श्रीमती शुशीला देवी राम सजीवन सिंह इण्टर मीडिएट कालेज



बैरमपुर में जाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## महिला आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड, यूनिट-स्योहारा (बिजनौर) के बढ़ते कदम।



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर!** स्योहारा चीनी मिल द्वारा अपने क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा गन्ने की उन्नतशील प्रजातियों की पौध तैयार करायी जा रही हैं। गन्ने की पौध उत्पादन का कार्य मिल के तकनीकी विशेषज्ञ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में सम्पन्न किया जा रहा है, इसमें प्रयोग होने वाली पोर्ट ट्रे एवं कोकोपिट (निःशुल्क) तथा उच्च गुणवत्ता का गन्ना बीज चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तरह से तैयार गन्ने की पौधों को चीनी मिल के अधिकारियों के निर्देशानुसार कृषकों को बिक्री की जायेंगी तथा इस तरह तैयार गन्ने की पौधों से हुई आय को महिला स्वयं सहायता समूहों में कार्यरत महिलाओं के मध्य बाटा जायेगा, जिससे महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा।

## सक्रिय सदस्यता व फूलपुर उप चुनाव को लेकर बैठक संपन्न



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिविल लाइन्स में सक्रिय सदस्यता अभियान व फूलपुर उप चुनाव के सम्बन्ध में एक बैठक जिला अध्यक्ष गंगापार कविता पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई ह्र इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान पूर्व जिला अध्यक्ष मिजार्पुर लालबहादुरसिंह, जिला प्रभारी उत्तर मौर्या ने कार्यकताओं को सम्बोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी ने किया।इस अवसर पर एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव निमिष खत्री, पवन प्रकाश गुप्ता, उमेश तिवारी गंगापार जिला के सभी पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष / मण्डल प्रभारी व मण्डल टोली उपस्थित रहीं।

## ललौली पुलिस द्वारा हत्या के तीन वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना ललौली पुलिस द्वारा तीन वांछित अभियुक्त रजबन निषाद पुत्र शिवबरन निषाद . रवि निषाद उर्फ रविन्द्र कुमार निषाद पुत्र रजबन निषाद. मइया उर्फ शमीर्ला निषाद पुत्री रजबन निषाद निवासीगण ग्राम डडियार मजरे कोर्राकनक थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।
गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः
प्र0नि0 बच्चेलाल प्रसाद थाना ललौली.का0 दिनेश कुमार।

## दो मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण मंगलवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मु.अ. स. अभियुक्त सलमान पुत्र स्व० फैसल राजा निवासी द्विवेदी रेस्टोरेन्ट गली इस्माइलगंज थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर, सूरज गुप्ता पुत्र स्व० ओमप्रकाश गुप्ता निवासी रेलवे कालोनी के पीछे इस्लामइलगंज थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर को चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## झूंसी पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार मोबाइल बरामद




**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**झूंसी प्रयागराज।** डीसीपी नगर अभिषेक भारती के निर्देश पर झूंसी कोतवाली पुलिस मोबाइल चोरों के खिलाफ चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करते हुए जेल भेज दिया।
थानाध्यक्ष झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी लूट के आरोपियों की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अमन सिंह पुत्र स्व0 विजयभान सिंह, निवासी ग्राम मरदापुर थाना उतरांव जनपद प्रयागराज को बन्धवा ताहिरपुर चौराहे से पहले बी0डी0 यादव इण्टर कालेज के पास थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन (पोको कम्पनी, बरामद किया गया।

## विंध्याचल स्टेशन पर सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज ने १७८५ श्रद्धालुओं का किया प्राथमिक उपचार

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल ने ०३ से १३ अक्टूबर तक चले विंध्याचल नवरात्रि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं उपलब्ध करने के क्रम में प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाया गया था। यह शिविर सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज द्वारा लगाया गया था। जिसमें १०७ श्रद्धालुओं की ड्रेसिंग सहित कुल १७८५ श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।
जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उपायुक्त प्रयागराज डॉ सत्य प्रकाश शर्मा के दिशा निर्देश में शिविर को लगाया गया था। ०९ अक्टूबर को गोंदिया एक्सप्रेस से रात्रि २:१७ बजे यात्री जवाहर ट्रेन से गिरकर घायल हो गए थे। चिकित्सा शिविर के स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार देकर एम्बुलेंस से विंध्याचल स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच सकी। ०६ अक्टूबर को मुख्य स्वास्थ्य निदेशक एवं कोर अधिकारा१ सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड प्रयागराज डॉ. राकेश निगम ने चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में और प्राथमिक चिकित्सा शिविर में दवाओं और फर्स्ट एड बॉक्स की वैधता को चेक किया गया। मेला अधिकारी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक एवं डिवीजनल कमांडर प्रशासन दिनेश कुमार ने भी समय-समय पर चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिये। ०९ अक्टूबर को अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक एवं डिवीजनल कमांडर मेडिकल, डॉ. एस एस नायक ने भी प्राथमिक चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया था। इस शिविर का संचालन ०३ से ०८ अक्टूबर तक सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्य जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं पवन कुमार ने किया एवं ०८ से १३ अक्टूबर तक शिविर का संचालन समर सिंह और संतोष सिंह ने किया। शिविर का नेतृत्व ब्रिगेड के एम्बुलेंस अधिकारी उदय चंद मौर्य, मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा एवं अनूप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शिविर में राम सजीवन पटेल, सुनील कुमार, कालीचरण, मनबोध चौरसिया, पवन देव पटेल का विशेष सहयोग रहा।

# सोरांव में मासूम के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** दो अक्तूबर को सोरांव के उस्सरही गांव में आठ वर्षीय मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी को मंगलवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जूड़ापुर-दादूपुर गांव के बीच चेकिंग के दौरान रोकने पर उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगी और यह जख्मी हो गया। उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मुकेश जगेशर पुनिया निवामी सराय पोभीपुर बताया है। वह बच्ची के पड़ोस के गांव का ही रहने वाला है। गिरफ्तार करने वाली



टीम प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अनिल कुमार मिश्र समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहें।



डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि मुठभेड़ के बाद हुई प्रारंभिक पूछताछ में उसने बच्चों के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या करने की बात कबूत की है। फिलहाल आरोपी को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 10 दिन में तीन सगे भाइयों की बुखार से मौत

## परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, पूरा गांव सदमे में

**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर!** नहटौर थाना क्षेत्र में एक ही परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा है, जिससे पूरा गांव सदमे में है। महज दस दिन के अंदर तीन सगे भाइयों की बुखार के चलते मौत हो गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। निजातपुरा गांव के रहमत अली के तीन बेटे-नवाजिश, शाहरूम और मोहम्मद मुस्लिम - की अचानक हुई मौतों से पूरा परिवार और गांव शोक में डूबा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और गांव में मातम पसरा हुआ है।

**तीन भाइयों की मौत ने गांव को हिला दिया**

नहटौर थाना क्षेत्र के निजातपुरा गांव का है, जहां 5 अक्टूबर को रहमत अली के दो बेटे-नवाजिश (26) और शाहरूम (28) - की बुखार के चलते मौत हो गई थी। सोमवार को तीसरे भाई मोहम्मद



मुस्लिम (48) की भी बुखार से मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में तीनों भाइयों के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। अस्पताल से घर तक का सफर और मौत की कहानी मृतकों के चाचा और पूर्व प्रधान सुल्तान अहमद ने बताया कि शाहरूम और नवाजिश दोनों चंडीगढ़में ऑटो चलाते थे। शाहरूम को एक हफ्ते पहले बुखार आया था और इलाज के लिए उसे गांव लाया गया। लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ती गई, और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसी बीच नवाजिश को भी बुखार हो गया, और उसे नूरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों भाइयों की 5 अक्टूबर को कुछ घंटों के अंतराल में मौत हो गई।

**तीसरे भाई की मौत ने पूरा परिवार तोड़ दिया**

तीसरे भाई मोहम्मद मुस्लिम की मौत से परिवार पर जैसे कहर टूट पड़ा। उन्हें भी पिछले दो दिनों से बुखार था, लेकिन सोमवार को अचानक दर्द की शिकायत के बाद उनकी भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले करीब 11 महीने पहले इनके एक और भाई अब्बास की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

**दुखों का पहाड़ और टूटते रिश्ते**

इस एक साल के अंदर चार भाइयों की मौत ने परिवार को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया है। शाहरूम और नवाजिश की शादी छह साल पहले दो सगी बहनों से हुई थी, और अब दोनों के पीछे छोटे-छोटे बच्चे, जिनमें से दो दिव्यांग हैं, अनाथ हो गए हैं। गांव में इस दुखद घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया है, और हर कोई परिवार के इस असीम दुख में सहभागी है।

## महज पांच हजार में ईमान डोला, एंटी करप्शन टीम ने धावा बोला

# ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर घूंस लेते गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी/ प्रयागराज।** एंटी करप्शन टीम ने कौशांबी में पश्चिम शरीरा थाना तिराहे के पास ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा। वहां लोगों की भीड़ लग गई। गिरफ्तार ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर कमलेश पाण्डेय कौशांबी में तैनात था। रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर को टीम पकड़कर थाने लाई। यहां उससे पूछताछ के बाद थाने में धारा 7/13 (1) बी सपठित धारा 13 (2) भ्रटाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने रिश्वतखोर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर कमलेश पाण्डेय को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, सत्यम पाण्डेय पुत्र स्व० घनश्याम पाण्डेय ग्राम नागचौरी का पुरवा पोस्ट पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी की 12 चक्का माल वाहक वाहन के जनपद में संचालन के लिए 20,000 रुपये महीने के हिसाब से साप्ताहिक किस्त के तौर पर पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी।



इस मामले में 10 अक्टूबर को शिकायतकर्ता के प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उत्तर प्रदेश की इकाई थाना प्रयागराज की टीम द्वारा थाना पश्चिम शरीरा कौशाम्बी के थाना तिराहा पर ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर कमलेश पाण्डेय को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन टीम जाल बिछाया। रिश्वतखोर कमलेश पाण्डेय ने जैसे ही पांच हजार रुपए लिया वैसे ही आसपास साढ़े ड्रेस में मौजूद टीम के लोगों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पानी से हाथ धुलवाते ही उसके हाथ में रंग बहने लगा। कमलेश को थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई। कार्यवाही को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी ट्रैप टीम निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह यादव भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, निरीक्षक रविन्द्र सिंह भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज,निरीक्षक राजेश कुमार यादव भ्र०नि०सं० थाना/इकाई वाराणसी, उ0नि0 अर्जुन सिंह भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, हेड कांस्टेबल राकेश भारती भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, कांस्टेबल अखिलेश प्रताप सिंह भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, कांस्टेबल दीपक शुक्ला भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, कांस्टेबल वेद प्रकाश मिश्रा भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, कांस्टेबल सुनील यादव - भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, मुख्य आरक्षी चालक लालता प्रसाद मिश्रा भ्र०नि०सं० थाना/इकाई प्रयागराज, मुख्य आरक्षी चालक अश्वनी कुमार पाण्डेय भ्र०नि०सं० थाना/इकाई वाराणसी आदि शामिल रहे।

## किसानों की समस्या को ले कर भाकियू ने करछना तहसील दार को सौंपा ज्ञापन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** जमुना पार के करछना तहसील के अंतर्गत पनासा गांव मेन रोड में मण्डल अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन बबलू दूबे के नेतृत्व में किसानों की समस्या को ले कर एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमे किसानों की विभिन्न समस्याओं को ले कर चर्चा की गई वहीं तहसील दार करछना को ज्ञापन सौंपा गया इस मौके पर जिलाध्यक्ष शनि शुक्ला,राहुल जमींदार,बजरंगी मिश्रा, बितमन्नू पाण्डे सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## फूलपुर में मिशन शक्ति दीदी का तेजी से चल रहा है जागरूकता अभियान



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** शासन के निर्देश पर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करने के लिए महिला पुलिस कर्मियों को एक अभियान के तहत लगाया गया है इसी क्रम में फूलपुर महिला उपनिरीक्षकों द्वारा स्कूल कॉलेज से लेकर गांव की महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान के क्रम में मंगलवार को फूलपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम के निर्देश पर उपनिरीक्षक महिला उपमा और काजल पटेल ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मलेथुवा में पहुंच कर छात्राओं को उनके हक अधिकार और शोषण के खिलाफ जागरूक करते हुए निशान शक्ति दीदी के अंतर्गत गुड टच और बैंड टच की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो आप सब सरकारी हेल्प लाइन नंबर वूमेन पावर लाइन नंबर1090,घरेलू हिंसा हेल्प लाइन नंबर 181,चाइल्ड हेल्प नंबर 1098,मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076,पुलिस आपात कालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा108,स्वास्थ्य सेवा 102 साइबर क्राइम 1930 की मदत लेकर अपनी सुरक्षा कर सकती है जिसमें पुलिस हमेशा आप की सेवा में तत्पर रहती है।

## मोटर साइकिल की चेचिस व पुर्जे बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर बाइक चोरों के खिलाफ चेकिंग के दौरान कोतवाली नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया।
थाना कोतवली नगर पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को अभियुक्त अनूप पुत्र रामऔतार निवासी जगनेहटा थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को ग्राम जगनेहटा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे/निशांदेही से मोटर साइकिल की चेचिस व पुर्जे बरामद किये गए।
अभियुक्त द्वारा दिनांक 09.10.2024 की रात में मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में अर्नव हास्पिटल,बड़ेल नहर के पास से चोरी की गई थी। अभियुक्त द्वारा मोटर साइकिल को खोलकर इंजन व अन्य पुर्जे फेरी वाले कबाड़ी को बेंच दिये गए।

## कोठी पुलिस द्वारा 4 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 2 अदद धार्मिक पुस्तक बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर कोठी पुलिस ने वांछित आरोपियों की तलाश में चार लोगों को गिरफ्तार कर धार्मिक पुस्तक बरामद करते हुए जेल भेज दिया।
थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 से सम्बन्धित अभियुक्तगण श्यामू गौतम पुत्र स्व0 छोटेलाल . मैहर कश्यप पुत्र कमलेश निवासीगण ग्राम पल्हरी थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी . बादल गौतम पुत्र सुनील कुमार निवासी नेपालगंज थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी . राजेन्द्र कुमार पुत्र भागीलाल निवासी ग्राम नरोत्तामऊ मजरे असौरी थाना कोठी जनपद बाराबंकी को मंगलवार को मदारपुर-हैदरगढ़ मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 2 धार्मिक पुस्तक बरामद किया गया।

# कोड़ापुर में चकबंदी पूरी पारदर्शिता और समय बद्ध तरीके से चल रही है- आलोक कुमार

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** शासन के निर्देश पर फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर गांव की चकबंदी पूरी पारदर्शिता के साथ समय बद्ध तरीके से चल रही है इसमें कही से भी किसी प्रकार की शिकायतें नहीं मिल रही है इसकी समीक्षा भी समय समय पर होती रहती है उक्त बाते मंगलवार को कोड़ापुर के चकबंदी चौपाल में पहुंचे ए सो सी प्रयागराज आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि कही उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनते हुए कई बिंदुओं पर चकबंदी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित भी किया श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से चकबंदी समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्रीमती फूलकली के मांग पर चकबंदी टीम गठित कर-के काश्तकारों की पैमाइस से छूटी हुई भूमि को चिन्हित करके उन्हें



कब्जा दिलाया जाएगा इसके साथ ही गांव में बचत की भूमि,नवीन परती ,ऊसर,बंजर , चकमार्ग,खलिहान घूर गड्ढा आदि का सीमांकन करके ग्राम प्रधान के हवाले सभी सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराकरकोड़ापुर में चकबंदी पूरी पारदर्शिता और समय बद्ध तरीके से चल रही है। आलोक कुमार। फूलपुर। शासन के निर्देश पर फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर गांव की चकबंदी पूरी पारदर्शिता के साथ समय बद्ध तरीके से चल रही है इसमें कही से भी किसी प्रकार की शिकायतें नहीं मिल रही है इसकी समीक्षा भी समय समय पर होती रहती है उक्त बाते मंगलवार को कोड़ापुर के चकबंदी चौपाल में पहुंचे ए सो सी प्रयागराज आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि कही उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनते हुए कई बिंदुओं पर चकबंदी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित भी किया श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से चकबंदी समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्रीमती फूलकली के मांग पर चकबंदी टीम गठित करके काश्तकारों की पैमाइस से छूटी हुई भूमि को चिन्हित करके उन्हें कब्जा दिलाया जाएगा इसके साथ ही गांव में बचत की भूमि,नवीन परती ,ऊसर,बंजर , चकमार्ग,खलिहान घूर गड्ढा आदि का सीमांकन करके सभी सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराकर ग्राम प्रधान को सौंपने के लिए विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किए। चर्चा के दौरान किसानों ने कुछ मुख्य संपर्क मार्ग,खेल का मैदान,मरघट,आंबेडकर पार्क को लेकर उचित स्थान पर मांग किए जिस पर ग्राम प्रधान से प्रस्ताव लेकर उक्त कार्य को जल्द ही संपादित करने का निर्देश दिए। चकबंदी अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सी ओ चकबंदी फूलपुर पारसनाथ यादव ने चक आपत्ति सहित कई मुकदमों की सुनवाई के साथ ही निस्तारण के लिए आदेशित किया कार्यक्रम का बेहतर संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रधानपति कोड़ापुर मौजी लाल रावत ने किया। मौके पर एसीओ चकबंदी अर्चना शुक्ला,संजय शुक्ला,कानून गो कल्पनाथ राय,लेखपाल अनीता शुक्ला,प्रताप बहादुर,गुफरान कर्मचारी अली सहित किसान ब्रह्मदेव सिंह,दिनेश दूबे,पप्पू यादव,हरि प्रकाश दूबे ,राम सूरत यादव,अनिल कुमार मास्टर, लालजी पटेल,मुकेश रावत उर्फ अंशू भैया,मनीष कुमार,धर्मराज यादव ,गुड्डू,इस्तियाक सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## चंद्रवंशी चौपाल के लिए साढ़े छह लाख रुपया देने की घोषणा

**दाउदनगर । भाजपा सदस्यता** अभियान के औरंगाबाद व जहानाबाद के जिला पालक व राज्यसभा सांसद डा.भीम सिंह ने भखरुआं स्थित डा. अरविंद कुमार सिंह के यहां बैठक की। वे चार दिवसीय दौरा पर औरंगाबाद आये हैं उन्होंने चंद्रवंशी चौपाल के लिए साढ़े छह लाख देने की घोषणा की उन्होंने दाउदनगर में इसके लिए तीन व्यक्ति को स्थल चयन के लिए जिम्मेदारी सौंपी ।
उन्होंने कहा कि जहां लोग बैठक कर सकते हैं कोई आयोजन हो सकता है ग्राम सांस्कृतिक उत्थान होगा गांवों में जागृति आएगी इसका निर्माण चंद्रवंशी मुहल्ला में होगा हालांकि किसी को मनाही नहीं होगी कोई भी ग्रामीण उसका इस्तेमाल कर सकते हैं राहगीर भी आराम कर सकते हैं ।

# नाश्ते में शामिल करें प्रोटीन से भरपूर ये चीजें, बनाना भी है बेहद आसान



**प्रोटीन हमारे शरीर के सही कार्य करने के लिए मांसपेशियों, हड्डियों, स्किन और बालों की ग्रोथ के लिए साथ ही शरीर में एनर्जी बनाए रखने के लिए जरूरी होता है. ऐसे में आप नाश्ते में इन प्रोटीन से भरपूर इन चीजों को डाइट में शामिल कर सकते हैं.**

दिन की शुरुआत अगर अच्छी हो तो सारा दिन अच्छा जाता है ऐसे आपने भी अपने बड़े-बुजुर्गों को कहते हुए सुना ही होगा. इसे अलावा सुबह अगर आप नाश्ते में हेल्दी और शरीर को एनर्जी देने वाली चीजों का सेवन करेंगे तो इससे न सिर्फ शरीर एनर्जेटिक महसूस करेगा बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद साबित होगा. सुबह का नाश्ता हर व्यक्ति के दिन की सबसे जरूरी मील होता है. इसे दिन का सबसे जरूरी भोजन भी माना जाता है. अगर सुबह हेल्दी नाश्ता ना किया जाए या हेल्दी चीजों का नाश्ते में सेवन न किया जाए तो इससे दिनभर कमजोरी, आलस महसूस हो सकता है इसके अलावा काम की प्रोडक्टिविटी पर भी इसका असर पड़ता है.आप नाश्ते में प्रोटीन से भरपूर इन चीजों का सेवन कर सकते हैं. न्युट्रिशियन मनकीरत कौर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें उन्होंने प्रोटीन के फायदे के साथ ही नाश्ता में शामिल करने वाले प्रोटीन से भरपूर डिशेज के बारे में बताया है. हेल्दी और फिट रहने के लिए प्रोटीन बेहद जरूरी है. ये हमारी शरीर को एनर्जी देने में मददगार साबित होता है.

एक्सपर्ट ने कैप्शन में इसके फायदों के बारे में बताते हुए लिखा है कि प्रोटीन हमारे शरीर में मांसपेशियों, हड्डियों, स्किन और बालों के साथ ही टिशू के निर्माण और रिपेयर करने के लिए जरूरी होता है. इसके अलावा प्रोटीन एंजाइम, हार्मोन और अन्य बायोमोलेक्यूल्स का उत्पादन करने के लिए जरूरी होता है जो शरीर के कई कार्यों जैसे कि मेटाबॉलिज्म और ग्रोथ में मदद करता है. आप नाश्ते में प्रोटीन से भरपूर इन चीजों को शामिल कर सकती हैं.

बेसन चीला

नाश्ते में आप बेसन चीला शामिल कर सकते हैं. इसमें बेसन के साथ आप मसाले हरी मिर्च, टमाटर और कई तरह की सब्जियों को मिलाकर स्वादिष्ट बेसन चीला बना सकते हैं.

ग्रीन मूंग दाल इडली

कई लोगों को इडली खाना बहुत पसंद होता है. ऐसे में आप ग्रीन मूंग दाल इडली बनाकर भी डाइट में शामिल कर सकते हैं. इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगा हरी मूंग दाल, सूजी, दही, अदरक, हरी मिर्च, नमक, सरसों के बीज. बेकिंग सोडा, नमक और धनिया का पत्ता.

उबले हुए स्प्राउट्स चाट

मूंग दाल को अच्छे से धोकर रात भर भिगो दे जब दाल अंकुरित हो जाए तो उसमें प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, हरा धनिया, चाट मसाला, नींबू का रस और नमक मिलाकर चटपटा स्प्राउट्स डाइट में शामिल कर सकते हैं.

उबले चने की चाट

वाइट चने को उबालकर उसमें प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, चाट मसाला, नमक और धनिया पाउडर मिलाकर चटपटी चाट बना सकते हैं.

पनीर भुर्जी

पनीर में प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में आप नाश्ते में पनीर की भुर्जी बनाकर नाश्ते में खा सकते हैं. लेकिन मसाले और तेल की मात्रा का ध्यान रखें.

मसाला आमलेट

अंडे में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है. ऐसे में आप आप सुबह नाश्ते में मसाला आमलेट बनाकर सेवन कर सकते हैं.

दलिया पनीर उपमा

नाश्ते में दलिया पनीर उपमा का सेवन भी एक बेस्ट ऑप्शन है. इसे बनने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा और स्वादिष्ट रहेगा.

क्विनोआ उपमा

क्विनोआ प्रोटीन से भरपूर होता है. ऐसे में आप सुबह नाश्ते में क्विनोआ का चटपटा उपमा भी नाश्ते में शामिल कर सकते हैं.

पालक स्मूदी

अगर आप स्मूदी पीना चाहते हैं तो आप पालक स्मूदी भी नाश्ते में शामिल सकते हैं. ये एक हेल्दी ऑप्शन है.

# भाजपा के कथित पराक्रम से पराभूत हरियाणा की जनता

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने तैतीस सीटों पर धांधली के आरोप लगाए हैं जिनमें से बीस सीटों के प्रामाणिक दस्तावेज जुटाकर चुनाव आयोग को अभ्यावेदन किया है और शेष तेरह सीटों के दस्तावेजी सबूत जल्द प्रस्तुत करने की बात कही गई है। मुख्य आरोप यह है कि मतदान पश्चात जिन ईवीएम की बैटरियों में 99 फीसदी चार्जिंग होना पाया गया है उनमें सत्तर से अस्सी फीसद वोट भाजपा को मिले हैं। जिनमें 60-70 फीसदी चार्जिंग प्रदर्शित है उनमें कांग्रेस आगे है।डिजिटल न्यूज़ चैनलों के साथ-साथ मुख्यधारा की मीडिया ने भी कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव में विपक्ष की लहर है। हरियाणा में चुनाव कांग्रेस नहीं जनता लड़ रही है। चुनाव क्षेत्रों में न्यूज़ चैनलों के इंटरव्यू में ऐसा दिखता भी था। एक्ज़िट पोल में बताया गया कि हरियाणा में कांग्रेस पचास से लेकर बहत्तर सीट पाने जा रही है। भाजपा पंद्रह से लेकर बत्तीस तक सिमट जाएगी। फील्ड में घूमने वाले और न्यूज़ चैनलों पर बहस करने वाले पत्रकार भी यही बता रहे थे। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक दावा किया कि अगर नतीजे ऐसे ही नहीं आए तो वे पत्रकारिता छोड़ देंगे।चुनाव विश्लेषण करने वाले योगेंद्र यादव ने भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा चल रही है, यह आंधी भी हो सकती है। और ज़्यादा चली तो सुनामी भी। लेकिन चुनावों के नतीजे उम्मीद के उलट आए तो उन्होंने कहा कि कई बार चुनाव सर्वेक्षक और विश्लेषक माहौल को भांप नहीं पाते। कोई अंडर करंट चल रहा था जिसे वे भी भांप नहीं पाए। ईवीएम की धांधली के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे कोई तकनीकी विशेषज्ञ नहीं हैं और उनके पास धांधली का कोई सबूत नहीं है इसलिए इस बारे में वे कुछ कह नहीं सकते। खैर, योगेंद्र यादव ही क्यों, वैकल्पिक मीडिया के कई दिग्गज विश्लेषक भी कथित अंडर करंट को भांप न पाने के लिए खुद को लानत भेजने लगे। उन्हें कांग्रेस पार्टी और नेताओं की वे कमियां, जिन्हें भाजपा प्रचारित कर रही थी, बड़ी दिखाई देने लगीं जिन्हें वे उसकी लहर के सामने नगण्य मानकर उसकी शानदार जीत की भविष्यवाणी कर रहे थे।चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा खेमे में मायूसी का आलम था। उन्हें गांवों में घुसने से रोका जा रहा था। उनकी सभाओं और रैलियों में लोग जुट नहीं रहे थे। खट्टर जैसे बड़े नेता तो खुले में प्रचार करने के बजाय बंद हॉलों में प्रचार कर रहे थे। एक चुनाव क्षेत्र में पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा उम्मीदवार की जीत के प्रति नाउम्मीदी जताए जाने पर उसे हॉल से बाहर निकलवा दिया।मुख्यधारा की मीडिया द्वारा यह प्रचारित कराया जाने लगा कि हरियाणा कांग्रेस में फूट है। भूपेंद्र हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला अलग-अलग दिशाओं में चल रहे हैं। हुड्डा नहीं चाहते कि पार्टी को पचपन से ज़्याद सीटें मिले। नहीं, उनकी दावेदारी कमजोर पड़ जाएगी। हाई कमान हावी हो जाएगा। इसलिए हुड्डा आमआदमी पार्टी और सपा के साथ गठबंधन कर ज़्यादा सीटें जीतने के पक्ष में नहीं हैं। टिकट वितरण में उन्होंने हाई कमान की नहीं चलने दी और अपने बहत्तर उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। कुमारी सैलजा के कोटे से केवल सात उम्मीदवार उतारे गए इसलिए वे नाराज होकर घर बैठ गईं और न्यूज़ चैनलों को इंटरव्यू देकर अपनी भड़ास निकालने लगीं। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने उन्हें अपनी पार्टी में आने का न्यौता भी दे दिया। सुरजेवाला अपने बेटे को ही जिताने में लगे रहे। राहुल और प्रियंका गांधी ने प्रचार अभियान में उतरने में देरी कर दी।इसी बीच राहुल गांधी अपनी अमरीका यात्रा से लौटे और उनका डंकी वीडियो वाइरल हुआ जिसमें वे डलास में पंद्रह/दस फीट के कमरे में रह रहे हरियाणा के उन डंकी युवाओं से मिले थे। फिर वे करनाल जाकर उन युवाओं के परिवार से भी मिले और हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी और नशाखोरी का मार्मिक चित्र खींचा। इस तरह हरियाणा में उनके चुनाव प्रचार का आगाज़ हुआ और उनके प्रचार में न आने शिकायत करने वाले चुनाव विश्लेषक कहने लगे, दे आयद, दुरुस्त आयद।



फिर राहुल गांधी वहां लगातार वाहन और पैदल चलकर हाईब्रिड यात्रा करने लगे जिसमें डंकियों के बहाने बढ़ती बेरोजगारी और नशाखोरी के संबंध में भावुक अपील करने लगे। किसान (एमएसपी की गारंटी), जवान (अग्निपथ योजना को बंद कर फौज में सामान्य भर्ती, दो लाख रिक्त पदों पर भर्ती), पहलवान (शारीरिक शोषण के खिलाफ न्याय) और संविधान की रक्षा के नारे लगाते हुए छत्तीस बिरादरी की सरकार बनाने की गारंटी देने लगे। इसके अलावा, घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों और आम जनता के लिए सात प्रकार की रेवड़ियां बांटने का ऐलान भी किया। उन्होंने हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ मिलवाकर उनके बीच मन-मुटाव दूर कर देने का प्रदर्शन भी कराया। मतदान से एक दिन पहले दलित नेता अशोक तंवर को भाजपा से निकाल कर अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। उनकी प्रचार यात्रा और रैलियों में भारी भीड़ उमड़ने लगी।इधर मोदी ने चुनाव प्रचार में अधूरे मन से भाग लिया और फिर चुनाव से हफ्ते भर पहले ही वहां से भाग लिए। उनकी पहली रैली में मुश्किल से पांच हजार लोग जुटाए जा सके। उधर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज खुद मुख्यमंत्री बनने के दावे ठोक रहे थे। नायब सिंह सैनी को अपने विधानसभा क्षेत्र लाडवा में पिछड़ते बताया जाने लगा। खट्टर की अलोकप्रियता के मद्देनज़र उन्हें चुनाव प्रचार और पोस्टरों से गायब कर दिया गया। पोस्टरों में मोदी भी दिखने बंद हो गए। ताकि हार का ठीकरा मोदी के सिर न फूटे।चुनाव विश्लेषकों द्वारा बार-बार यही कहा जाता रहा कि मतदाता कांग्रेस को जिताने के लिए नहीं, बल्कि भाजपा को हराने के लिए वोट करेंगे। जब नतीजे निकले तो पासा पलट गया। भाजपा 48 सीट जीत गई और कांग्रेस 37 पर सिमट गई।

इस नतीजे से सभी भौंचक रह गए। मतदाता भी और चुनाव विश्लेषक भी। चुनावी पंडितों को अपनी समझ पर संदेह होने लगा। आखिर उनसे कहां चूक हो गई? अंडर करंट को वे समझ कैसे नहीं पाए। उन्होंने मान लिया कि सच में कोई अंडर करंट था। सड़क पर जो दिख रहा था वह सही नहीं था। फिर वे भाजपा की जीत को वास्तविक बताने के लिए उसके समर्थन में तर्क गढ़ने लगे-1.जाट और गैर-जाट के बीच की खाई (मानों, जाटों का कथित अत्याचार संविधान संशोधन से होने वाले नुकसान से ज़्यादा घातक हो।)2. सीएम पद की खींच-तान (मानों, यह केवल कांग्रेस की ही समस्या रही हो।)3. अति आत्मविश्वास (मानों, यह केवल कांग्रेस की ही समस्या रही हो। नतीजे निकलने से एक दिन पहले मुख्यमंत्री सैनी भरी सभा में कह रहे थे कि जीत के लिए निश्चिंत रहो। हमने सब व्यवस्था कर दी है। यह अति आत्मविश्वास नहीं था?)4. इंडिया गुट के सहयोगियों के साथ गठबंधन न करने का फैसला। (चुनाव विश्लेषकों के अनुसार जब मतदाताओं ने भाजपा को उसके जनविरोधी नीतियों के कारण हराने का संकल्प ले लिया था तो वे दूसरे दलों पर अपना अमूल्य वोट क्यों खराब करते?)5. पन्ना प्रमुखों का संगठनात्मक मशीन। (पन्ना प्रमुख क्या सम्मोहन विद्या जानते हैं जो मतदाता को अपने हित-अनहित सोचने के विवेक को छिन लेते हैं और एक ही दिन में उसके मत को पलट देते हैं। तब तो दूसरे दल कभी चुनाव नहीं जीत सकते।)दरअसल, मीडिया और चुनाव विश्लेषक जिधर बम उधर हम के कायल दिखे। वे चित भी मेरी और पट भी मेरी की चाल चलने लगे। मुख्यधारा की मीडिया को छोड़ भी दिया जाए तो वैकल्पिक सोशल मीडिया के चुनाव विश्लेषक भी भाजपा की जीत की दबसट में अपने ही अनुमानों को झुठलाने लगे। वैकल्पिक न्यूज़ चैनल का एक एंकर कह रहा था कि भाजपा ने हरियाणा चुनाव अपने पराक्रम से जीत लिया। अब वे जिन बातों को पराक्रम समझ रहे हैं उनकी बानगी कुछ इस प्रकार है-

ईडी, आईटी और सीबीआई के माध्यम से भयादोहन के ज़रिए इलेक्टोरल बांड से संचित किया गया अकूत धन जिसे चुनावी मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त किया जाता है, हर बूथ पर पन्ना प्रमुख तैयार किया जाता है और अब तो पन्ना समिति बनाने की तैयारी है। मतदाताओं को भी खूब बांटा जाता है। प्रॉक्सी उम्मीदवारों और वोट कटवा दलों को खड़ा कर उन्हें इफरात पैसा बांटा जाता है। राहुल गांधी पैदल तो चंद्रशेखर हेलीकॉप्टर से प्रचार कर रहे थे। विरोधी पार्टियों के खाते बंद कर दिए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से खोले भी जाते हैं तो उन्हें सरकार के डर से कोई चुनावी चंदा देना नहीं चाहता।केंद्रीय वित्त मंत्री, भाजपा और अन्य पर भयादोहन का केस चल रहा है। कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश से उन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। लेकिन अब सीजेआई ने उस केस को अपने पास भेजने का आदेश दे दिया है।पिछले आम चुनाव में 79 सीटों पर ईवीएम से धांधली का एडीआर द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर केस लंबित है जिसमें न्याय मिलने की संभावना अब तक तो नहीं दिखती। इसी संबंध में 2019 में भी दायर किया गया केस आज तक लंबित चला आ रहा है।हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने तैतीस सीटों पर धांधली के आरोप लगाए हैं जिनमें से बीस सीटों के प्रामाणिक दस्तावेज जुटाकर चुनाव आयोग को अभ्यावेदन किया है और शेष तेरह सीटों के दस्तावेजी सबूत जल्द प्रस्तुत करने की बात कही गई है। मुख्य आरोप यह है कि मतदान पश्चात जिन ईवीएम की बैटरियों में 99 फीसदी चार्जिंग होना पाया गया है उनमें सत्तर से अस्सी फीसद वोट भाजपा को मिले हैं। जिनमें 60-70 फीसदी चार्जिंग प्रदर्शित है उनमें कांग्रेस आगे है।बलात्कार और हत्या के आरोप में सजायाफ्ता बाबा राम-रहीम को पैरोल/फरलो पर बार-बार छोड़कर उसके अनुयायियों को प्रभावित करवाना।

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक ठहरा कर बंद तो करा दिया। लेकिन इसके माध्यम से इकट्ठे किए गए धन की न तो वसूली करवाई और न इसमें लिप्त मंत्रियों, पदाधिकारियों और संस्थाओं की जांच। इकट्ठा किया गया धन चुनावों को प्रभावित करने में धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। इसी तरह महाराष्ट्र में जोड़-तोड़ और खरीद-फ़रोख्त से बनाई गई सरकार को असंवैधानिक ठहराया गया था, लेकिन बर्खास्त नहीं किया गया।कांग्रेस में संगठनात्मक कमियां हैं। उसमें भी स्वार्थी नेताओं की कमी नहीं है। पर राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के अभियान पर जनता ने भरोसा करना शुरू कर दिया है। हरियाणा की जनता भाजपा के दस साल के कुशासन से तंग आ चुकी थी। चुनाव विश्लेषक कह रहे थे कि वह कांग्रेस को जिताना नहीं चाहती, पर भाजपा को हराना चाहती है। कांग्रेस की जीत तो इस चुनाव के डिफाल्ट में है। तो क्या उसने भाजपा के कथित पराक्रम से पराभूत होकर उसे जिता दिया। बात गले से नहीं उतरती।

संपादकीय

## लोकतंत्र पर शिकंजे का शिकार हुए जी एन साईबाबा

लगभग 10 वर्षों तक अन्याय एवं क्रूरता के शिकार हुए कवि, मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा का शनिवार की रात हैदराबाद के एनआईएमएस अस्पताल में निधन हो गया। इसी अस्पताल में उनकी 5 दिनों पहले गॉल ब्लैडर की सर्जरी हुई थी। वे ठीक हो रहे थे लेकिन दो दिन पहले उन्हें फिर से तकलीफ़ होने पर उन्हें वापस भर्ती किया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उनका रक्तचाप गिर गया तथा उन्हें दिल का दौरा पड़ा जो उनके लिये जानलेवा साबित हुआ। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 10 वर्षों तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का आरोप झेलने वाले साईबाबा को इसी वर्ष मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया था। उनके मामले को इस रूप में याद किया जायेगा कि देश में किस हद तक किसी निर्दोष को प्रताड़ित किया जा सकता है- खासकर यदि वह पीड़ितों के पक्ष में बोलने-लिखने वाला हो।उनकी मौत ने यह भी साबित किया है कि भारत में कानूनों का न केवल राज्य द्वारा बेजा इस्तेमाल होता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया सज़ा से भी बदतर है।

जेल में उनके साथ हुई यातना इतने भर से बयां की जा सकती है कि बचपन से ही व्हीलचेयर पर रहने वाले साईबाबा को नागपुर की अंडा सेल में इस प्रकार से रखा गया कि उन्हें दिन में दो बार नित्यक्रिया एवं स्नान के लिये भी दो लोगों की मदद लेनी पड़ती थी। इस जेल की क्षमता तो 200 कैदियों की थी परन्तु उसमें 1300 लोग थे जहां करवट बदलने के लिये भी परस्पर झगड़े होते थे। डॉक्टरों द्वारा 90 प्रतिशत विकलांग घोषित किये जा चुके साईबाबा पर आरोप लगाया गया था कि उनके माओवादियों से सम्बन्ध हैं और वे राज्य के खिलाफ षडयंत्र में भागीदार रहे हैं। 2013 में हेम मिश्रा, महेश तिर्की, पी नरोटे, प्रशांत राही आदि को माओवादी षड़यंत्र के अंतर्गत गढ़चिरोली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साईबाबा को भी इसमें शामिल होने के आरोप में पकड़ा गया था। उनके पास से नक्सली साहित्य की बरामदगी को आधार बनाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।इसके बाद की कहानी भारतीय न्यायपालिका की दुर्दशा की कहानी है जो इस बात पर मुहर लगाने के लिये काफी है कि कैसे एक बार कानूनी मकड़जाल में फंस गये किसी निरीह के जीवन को सरकार कितनी आसानी से बर्बाद कर सकती है। पुलिस ने आरोप लगाया कि साईबाबा ने ही आरोपियों की माओवादियों से मुलाकात कराई थी।

पुलिस उन्हें लगभग किडनैप करके ले गयी थी जब वे चीफ एक्जामिनर के तौर पर परीक्षा केन्द्र की ओर जाने के लिये अपने घर से खुद की कार से निकल ही रहे थे।उनके ड्राइवर को उतारकर चलता कर दिया गया और कार समेत सिविल ड्रेस में पुलिस वाले उन्हें ले गये थे। इसके बाद विश्वविद्यालय ने उन्हें निलम्बित कर दिया था। पक्षाघात से पीड़ित साईबाबा को गढ़चिरौली कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (यूएपीए) के तहत दोषी पाया। बिगड़ती सेहत के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत तो दी लेकिन बाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने हस्तक्षेप कर जमानत रद्द करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण के लिये कहा। हालांकि मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें 2017 में रिहा तो कर दिया लेकिन मामला फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के बीच की अनेक न्यायिक पेंचीदगियों के बीच गुजरते हुए उन्हें वर्षों तक जेल में समय बिताना पड़ा। पहले से विकलांग साईबाबा को जेल की सुविधाहीन परिस्थितियों में जिंदगी गुजारने के कारण कई तरह की बीमारियां हो गयीं। इनमें से मुख्यतः उनकी किडनी पर विपरीत प्रभाव पड़ा। उन्हें जेल प्रशासन द्वारा दवाएं नहीं दी जाती थीं। अपनी मौत की वे कई बार आशंका जतला चुके थे। जमानत के दौरान उन्होंने एक साक्षात्कार में बतलाया था कि खुद जेल अधिकारियों को उम्मीद नहीं थी कि वे लम्बे समय तक जिंदा रह पायेंगे। देश में एक ओर जहां हत्या तथा बलात्कार के जुर्म में उम्र कैद भुगत रहा राम रहीम जैसा अपराधी कुछ ही वर्षों में करीब एक दर्जन बार पैरोल पर जेल से रिहा कर दिया जाता है वहीं लेखक, मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं प्रोफेसर जैसे सम्मानित पेशे से जुड़े साईबाबा को उनका मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने का मौका तक नहीं दिया गया।

उनकी नौकरी चली जाने का भी उन्हें बेहद गम था और वे कहते थे कि वे शिक्षक के रूप में काम करना तथा शिक्षक के रूप में ही मरना चाहते थे।केवल वैचारिक मान्यता के आधार पर किसी को देश के खिलाफ षड़यंत्र में शामिल होना बतलाकर यदि किसी को इस प्रकार से लम्बे समय तक जेल में रखा जाये तो इससे अधिक दुर्भाग्यजनक कुछ हो नहीं सकता। किसी विचारधारा का समर्थन या विरोध करना किसी की गिरफ्तारी का कारण नहीं हो सकता- इस बात की तस्दीक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाएं तथा देश का सुप्रीम कोर्ट भी करता तो ह

परन्तु वह लेखकों, पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं आदि को सलाखों के बाहर नहीं निकाल पाता। सरकार से भिन्न विचार रखना लोकतांत्रिक प्रणाली का हिस्सा है तथा आधुनिक समय का सर्वमान्य नियम भी। भारत विपरीत दिशा में चल रहा है। यह स्थिति राज्य के नागरिकों पर कड़े शिकंजे का प्रतीक है जो अंततः देश तथा लोकतंत्र के विरूद्ध है।

# हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

**हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्ता अब साफ हो गया है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी।**



अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खासी सफलता नहीं मिली। जम्मू कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की प्रत्याशा थी, लेकिन वहां धारा 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिला जुला जनादेश मिला है। वहीं हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी, लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सत्य है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था। क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को ज़मीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिलकुल दोस्त जैसे ही हैं, लेकिन वे मुंह में राम बगल में छुरी रखकर चलते हैं। जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी।

हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देश भर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे, कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए। ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है, लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं।

इसे भी पढ़ें- हरियाणा विधानसभा चुनावः एकजुट संगठन व हिंदुत्व की विचारधारा ने खिलाया कमल

हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्ता अब साफ हो गया है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सत्ता के सिंहासन से उतार कर भाजपा ने यह संकेत तो कर ही दिया था कि भाजपा के पक्ष में सब कुछ ठीक नहीं था। भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर इस माहौल को परिवर्तित करने का प्रयास किया। भाजपा का यह कदम उसके लिए संजीवनी का काम कर गया जो भाजपा के लिए जीवनदान साबित हुआ। वहीं कांग्रेस की कमजोरी यह भी रही कि वह राजनीतिक वातावरण का अध्ययन करने में चूक गई। हरियाणा में कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व गुटों में विभाजित है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा स्वयं को कांग्रेस का सर्वेसर्वा मानकर ही राजनीति करते रहे। यही कांग्रेस के आत्मघाती साबित हुआ। अब कांग्रेस के नेताओं को यह सिखाने की आवश्यकता है कि बदले हुए राजनीतिक हालात में राजनीति कैसे की जाती है, क्योंकि अब राजनीति परिदृश्य बदल चुका है। देश के कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ आना नहीं चाहते। राजनीतिक मज़बूरी उनको साथ बनाए हुए है।

# कोखराज पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर कोखराज पुलिस वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कोखराज के उपनिरीक्षक हरीश तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त भोला सरोज पुत्र राम कृपाल नि० गरीब का पूरा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।




## 2 बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशांबी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबन्धित 02 बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात माननीय न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 68 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशांबी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना करारी से 03, थाना सराय अकिल से 02, थाना पिपरी से 01, थाना संदीपनघाट से 01, थाना कोखराज से 02, थाना कड़ाधाम से 08, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 03 ) कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## रामलीला से सनातन धर्म, परंपरा को मिल रही मजबूती : शांडिल्य महराज , जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य महराज ने नैनी रामलीला में किया मुकुट पूजन



सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम ने जनसेवा समिति रामलीला कमेटी, सरगम, नैनी, प्रयाग राज का मुकुट पूजन किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की सबसे समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा रही है। यह एक - दूसरे को सदैव जोड़ता और समृद्ध करते हुए आगे बढ़ाता है जिसका लाभ समाज के सभी वर्ग के लोगों को मिलता है। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने कहा कि आज हम युवा पीढ़ी को रामलीला के मंचन, दशहरे के माध्यम से सनातन धर्म के महत्व, पौराणिकता, परंपरा और प्राचीनता के महत्व की जानकारी देते हैं इससे सनातन धर्म को और मजबूती मिलेगी। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने
आयोजन समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रामलीला, दशहरे का आयोजन और व्यापक स्तर पर होना चाहिए जिससे कि हमारी युवा पीढ़ी समृद्ध सनातन धर्म और परंपरा को अधिक से अधिक जानकारी उनको मिल सके। उन्होंने कहा कि हम और आप भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, राजा दशरथ ,राजा जनक, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वशिष्ठ सहित अन्य के जीवन, चरित्र से बहुत कुछ सीखते हैं जिससे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसके पूर्व आयोजन समिति के
संयोजक हरि शंकर सिंह, अध्यक्ष रवि सिंह, महामंत्री विनय सिंह, आरएल डी दुबे, विद्याकांत पांडे, पं बबलू मिश्रा , माहेश्वरा नन्द सहित अन्य लोगों ने जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया। आयोजन समिति के संयोजक हरिशंकर सिंह, अध्यक्ष रवि सिंह और महामंत्री विनय सिंह ने रामलीला के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## नौ वर्षीय बच्ची घर की छत पर दुपट्टे से झूला बनाकर झूल रही थी, दुपट्टा बना फंदा, मौत

**नोएडा। नोएडा में एक** दर्दनाक हादसे में एक नाबालिग बच्ची की मौत होने का मामला सामने आया है। यहां एक नौ वर्षीय बच्ची घर की छत पर दुपट्टे से झूला बनाकर झूल रही थी, तभी दुपट्टा गर्दन में फंस गया और दम घुटने से बच्ची की मौत हो गई। घटना के वक्त उसका छोटा भाई भी मौके पर मौजूद था। उसने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन जब तक परिजन वहां पहुंचते, तब तक बच्ची की दम घुटने से मौत हो चुकी थी। घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली एक नौ वर्षीय बच्ची अपने घर की छत पर खेल रही थी। वह अपने दुपट्टा से झूला बनाकर झूला झूल रही थी। इसी दौरान झूला झूलते समय दुपट्टा फंदे में तब्दील हो गया। बच्ची की गर्दन उसमें फंस गई। घटनास्थल पर बच्ची के साथ उसका पांच वर्षीय भाई भी उसके साथ मौजूद था। भाई ने मदद के लिए शोर मचाया। जब तक घर वाले वहां पर पहुंचते तब तक बच्ची की दम घुटने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को थाना सेक्टर-39 पर असलम निवासी खजूर कॉलोनी, सदरपुर की ओर से सूचना दी गई की कि उसकी बेटी जो उसके बेटे के साथ छत पर खेलते समय दुपट्टा से झूला बनाकर झूल रही थी। झूलते-झूलते दुपट्टा फंदे में बदल गया और बच्ची की गर्दन उसमें फंस गई। उसके बेटे की ओर से शोर मचाया गया तो पड़ोसियों की नजर छत पर बच्ची की ओर गई। जिनके तरफ से बच्ची के माता को घटना के बारे में बताया गया।

# डीएम ने महाकुम्भ निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का लिया जायजा

### एयरपोर्ट से संगम मार्ग व सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य को 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश। निर्माण कार्य में आने वाली किसी भी समस्या व रूकावट का शीघ्रता के साथ किया जाये निस्तारण

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज ।** डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को महाकुम्भ के दृष्टिगत जनपद में हो रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट से संगम को जोड़ने वाले मार्ग पर निमार्णाधीन सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के स्टार्ट पॉइंट और एंड पॉइंट का निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वहां पर कार्यरत मैनपावर, मशीनरी, मटेरियल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए पर्ट चार्ट के अनुसार कार्य की भौतिक प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यों को सयमबद्ध रूप से निर्धारित समय तक पूर्ण करा लिए जाने के लिए निर्देशित किया।



जिलाधिकारी ने इसके बाद आईआईआईटी चौराहें से कालिंदीपुरम के बजरंग चौराहे तक की सड़क पर हो रहे सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण एवं चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य को 30 नवम्बर तक पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सड़क के किनारे थ्री लेयर में एवरग्रीन व फ्लावरिंग प्लांट लगाने और रोड के किनारे दीवार पर पेंट माय सिटी के तहत थीमेटिक पेंटिंग करने एवं बजरंग चौराहे के पास फशाड लाइट लगाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने इसके पश्चात एयरपोर्ट से पीपलगांव रोड़ के सुन्दरीकरण व निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वहां पर सुंदरीकरण हेतु लगाए जा रहे स्तंभ, लाइट पोल व रेलिंग की डिजाइन को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के पास सड़क के किनारे लगे हुए बिजली के दो खंभों को 100 मीटर दूर शिफ्ट करने के लिए कहा है।

उन्होंने पीडब्लूडी एवं पीडीए द्वारा कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को कराये जा रहे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने थर्ड पार्टी से कार्यों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से कराते रहने के लिए कहा है।

इसके बाद जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन बेगम बाजार पुल का भी निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्य कब तक पूर्ण होगा की जानकारी ली जिसपर सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया कि थोड़ा ही कार्य अवशेष हैं जो कि इस माह में ही पूरा कर लिया जाएगा।

# डीएलएड में आज से फिर पंजीकरण शुरू

### 23 तक जमा होगा आनलाइन शुल्क । पूर्ण आवेदन के साथ प्रिण्ट मिलेगा 25 तक : सचिव अनिल भूषण चतुवेर्दी

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** शासन के निर्देश पर डीएलएड - 2024 में से फिर आनलाइन पंजीकरण बुधवार की दोपहर से शुरू होने जा रहा है। अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन बुधवार की दोपहर से 22 अक्टूबर की रात तक कर सकते हैं। अभ्यर्थी आनलाइन शुल्क 23 अक्टूबर की रात तक जमा कर सकते है। पूर्ण आवेदन के प्रिण्ट 25 अक्टूबर की रात 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन करने, आनलाइन शुल्क जमा करने और आन लाइन प्रिण्ट प्राप्त करने की तिथि और समय खत्म होते ही वेबसाइट अपने आप लाक हो जाएगी। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज



अनिल भूषण चतुवेर्दी ने बताया कि आनलाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में डीएलएड के लिए 3.14 लाख अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन किया है जबकि 2.80 लाख अभ्यर्थियों ने आनलाइन शुल्क जमा किया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों हाईकोर्ट ने इण्टर पास विद्यार्थियों के डीएलएड में प्रवेश का निर्णय दिया था। ऐसे में पीएनपी इस मामले में विधिक राय लेकर पहले कोर्ट में अपील दाखिल की जाएगी और उसके बाद डीएलएड में दाखिले के लिए काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी किया जाएगा।
उल्लेखनीय है कि प्रदेश में डीएलएड की कुल 2.40 लाख सीट है। इसमें से 10500 डायट में और निजी क्षेत्र के डीएलएड कालेजों में 2,29,500 सीट है। डीएलएड की काउंसलिंग और शिक्षण में अभी समय लग सकता है।

## महाकुम्भ में सुगम यातायात के लिए स्मार्ट ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर रही योगी सरकार, महाकुम्भ के पहले ३९ ट्रैफिक जंक्शन का हो रहा निर्माण

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** संगमनगरी में दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित महाकुम्भ के आयोजन के लिए योगी सरकार द्वारा की जा रही तैयारियां तेजी से हो रही हैं। सरकार महाकुम्भ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के अनुभव स्मरणीय बनाने के लिए कई अभिनव प्रयास कर रही है। सड़क यातायात सुगम बनाना इसी का एक हिस्सा है। जिसे लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट कुम्भनगरी में धरातल पर उतारा जा रहा है।

सड़क मार्ग से प्रयागराज की पहुंच को सरल बनाने के साथ-साथ शहर में यातायात व्यवस्था को नया स्वरूप देने के लिए पहली बार शहर में ३९ ट्रैफिक जंक्शन का निर्माण किया जा रहा है। अपर कुम्भ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुम्भ के पूर्व शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए ३९ ट्रैफिक जंक्शन बनाए जा रहे हैं। तकरीबन ५० करोड़ के बजट से इनका निर्माण हो रहा है। इसके टेंडर जारी हो चुके हैं।
महाकुम्भ के आगंतुकों के लिए ये सुगम यातायात और सौंदर्यीकरण का माध्यम बनेंगे। ट्रैफिक जंक्शन के निर्माण के पूर्व एक एजेंसी के माध्यम से उन चौराहों का सर्वे भी कराया गया है जहां आवागमन में ट्रैफिक की समस्या ज्यादा रहती है। इसके बाद इन जंक्शन का डिजाइन बनाया गया है।
शहर में यातायात व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए पहली बार बनाए जा रहे ये ट्रैफिक जंक्शन बहु उपयोगी होंगे। इन्हें उस आकार में डिजाइन किया गया है कि ये ट्रैफिक को अच्छी तरह से व्यवस्थित कर सकें। अपर कुम्भ मेला अधिकारी के मुताबिक इसके लिए ट्रैफिक जंक्शन में आइलैंड तैयार किए जा रहे हैं। उसी के मुताबिक इनका आकार छोटा या बड़ा किया जायेगा। जंक्शन में स्मार्ट सिग्नल ट्रैफिक व्यवस्था होगी जो पूरी तरह स्वचालित होगी।
जंक्शन को खूबसूरत लुक देने के लिए शेष बचे स्थान में स्कल्पचर और आकर्षक लाइट्स भी लगाई जाएंगी। जंक्शन के अंदर ही हरित पट्टिका भी बनेगी जिसमें छोटे आकार के सजावटी पौधे रोपित किए जाएंगे। ये ट्रैफिक जंक्शन कुम्भ के स्नान पर्वों में आने वाली भीड़ के प्रबंधन में उपयोगी होंगे। कुम्भ के समापन के बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में इनकी उपयोगिता बनी रहेगी।

## महाप्रबन्धक ने आठ रेल कर्मचारियों को प्रदान किया संरक्षा पुरस्कार, ट्रैक मेन्टेनर कमल चन्द्र यादव बने माह सितम्बर के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने सितम्बर माह के लिए मंगलवार को आठ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। ट्रैक मेन्टेनर कमल चंद्र यादव सितम्बर माह के सर्वश्रेश्ठ रेलकर्मी घोशित किये गये।प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी जे.सी.एस बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ८ रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में लोको पायलट प्रयागराज मंडल आलोक कुमार एवं सहायक लोको पायलट पंकज कुमार, लोको पायलट प्रयागराज मण्डल विजय बहादुर यादव, सहायक लोको पायलट प्रयागराज मण्डल अनुभव मोहन सिंह, ट्रेन मैनेजर सूर्य प्रकाश जीएमसी प्रयागराज मण्डल, प्वाइण्टसमैन बबीना झाँसी मण्डल इमरान अंसारी, ट्रैक मेन्टेनर घासी नगर आगरा मण्डल कप्तान सिंह एवं ट्रैक मेन्टेनर मेजा रोड प्रयागराज मण्डल कमल चन्द्र यादव शामिल हैं। कमल चन्द्र यादव को सितम्बर २०२४ के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
कमल चन्द्र यादव ने २६ अगस्त को कीमैन के रूप में गैंग नं. १७ में कार्य करते हुए ११:५५ बजे भीरपुर यार्ड-करछना अप लाइन के मध्य किमी सं. ७९९/०१-०३ पर एक रेल प्रष्ठैक्चर देखा एवं तुरंत लाल झंडी लेकर दौड़ते हुए, आती हुई ट्रेन संख्या १२५०५ (कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल) को रूकवाया। इस प्रकार इनकी सजगता एवं सतर्कता से एक सम्भावित दुर्घटना को रोका गया।

## दो वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सबसे तेज प्रयागराज

**हंडिया।** हंडिया कोतवाली पुलिस वांछित आरोपियों की तलाश में मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करते हुए जेल भेज दिया।




प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृजकिशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच मुखबिर की सूचना पर हण्डिया अंतर्गत क्षेत्र "ग्राम धुन्यू का पुरा किरावं" से अभियुक्त रत्नेश मिश्रा पुत्र स्वर) उमाशंकर मिश्रा . भोला उर्फ कुन्दन मिश्रा पुत्र रत्नेश मिश्रा निवासी धुन्धू का पुरा किराव थाना हण्डिया प्रयागराज को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना हण्डिया.उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उ0नि0 रिजवान असकरी थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

# ग्रेटर नोएडा में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होगी, तीसरी आंख बनेगी आधार

**लखनऊ । उत्तर प्रदेश को** उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) की जल्द स्थापना होगी, जो ग्रेटर नोएडा के यातायात प्रबंधन और सुरक्षा में ह्यतीसरी आंखह्न के तौर पर कार्य करेगा।
परियोजना के अंतर्गत, 227.60 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए ग्रेटर नोएडा के 357 लोकेशंस पर हाई क्वॉलिटी



सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों की स्थापना की जाएगी, जिससे ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के चप्पे-चप्पे की निगरानी हो सकेगी। आईएसटीएमएस की स्थापना के जरिए क्षेत्र के यातायात प्रबंधन को अधिक कुशल व सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न तकनीकों की एकीकरण प्रक्रिया पर फोकस किया जाएगा। इस परियोजना में एक व्यापक यातायात प्रबंधन प्रणाली, वीडियो निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली व सार्वजनिक सूचना प्रणाली विकसित होगी। वहीं, प्रक्रिया के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसी) की भी स्थापना होगी, जिससे नागरिकों व यहां आने वाले आगंतुकों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वार इस प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।
इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) को सेफ सिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एससीएमसी) नाम से भी जाना जाता है। आईटीएमएस का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और यातायात प्रबंधकों को नागरिकों, संपत्तियों, यातायात प्रवाह और यातायात भीड़/घटनाओं के बारे में वास्तविक समय और पूवार्नुमानित जानकारी प्रदान करना है। समाधान को विशेष रूप से महिला, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नागरिक सुरक्षा में सुधार लाने के साथ-साथ अनुकूली नियंत्रण और विश्लेषण के माध्यम से शहरी सड़कों की सुरक्षा और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए लागू किया जाएगा।

## हण्डिया पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने की दृष्टिगत 11 व्यक्तियो का किया चालान



सबसे तेज प्रयागराज

**हंडिया।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर, व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के पर्यवेक्षण में तथा प्र०नि० हण्डिया बृजकिशोर गौतम के कुशल निर्देशन मे धाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को शान्ति एवंम कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 11 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुये चालान किया।
मनोज मोदनवाल पुत्र स्व० सीताराम. शिवम मोदनवाल पुत्र मनोज मोदनवाल. कमला शंकर यादव पुत्र धर्मपाल यादव निवासी काजीपुर चकअब्दुल्ला. आकाश यादव पुत्र समरबहादुर यादव निवासी काजीपुर चकअब्दुल्ला. विमल यादव पुत्र कमलाशंकर यादव निवासी काजीपुर चकअब्दुल्ला थाना हंडिया, संजय कुमार पुत्र विजय बहादुर निवासी आसेपुर. मुकेश कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी आसेपुर थाना हंडिया.हरिश्चन्द पुत्र जवाहल लाल निवासी आसेपुर थाना हंडिया अमीत कुमार पुत्र रामकैलाश निवासी आसेपुर, महेन्द्र पुत्र जयंतीलाल निवासी सियाडीह. पिन्टू मोदनवाल पुत्र राजेन्द्र मोदनवाल निवासी सियाडीह थाना हंडिया प्रयागराज।
गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः
प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम थाना हण्डिया. उ0नि0 मणिभूषण शुक्ला, उ०नि० गंगासागर थाना हण्डिया प्रयागराज।

## वॉरंटी अवधि के दौरान खराब बैटरी नहीं बदला, 30 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया

**नोएडा। नोएडा में उपभोक्ता** फोरम का बड़ा फैसला सामने आया है। वॉरंटी अवधि के दौरान खराब बैटरी को बदलने में आनाकानी करना एक ऑटो कंपनी को महंगा पड़ा।

इस मामले में उपभोक्ता की शिकायत पर जिला उपभोक्ता वाद प्रतितोष आयोग ने इलेक्ट्रिक स्कूटी कंपनी पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। आयोग ने उपभोक्ता को नई बैटरी भी देने का आदेश दिया है। उपभोक्ता के स्कूटी की बैटरी 17 महीने में ही खराब हो गई थी।
जानकारी के अनुसार, पीड़ित ओम प्रकाश यादव गाजियाबाद में रहते हैं।

## किसानों का नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना जारी

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच के द्वारा दोपहर लगभग 1 बजे नोएडा के 81 गाँवो के किसानों गांव हरौला सेक्टर 5 नोएडा के बारात घर से पैदल मार्च करते हुए नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचे, जहां पर पुलिस ने किसानों को समझाया जिसके बाद किसानों



ने टेंट लगा कर धरना शुरू कर दिया।
लगभग 3 बजे किसानों के बीच नोएडा प्राधिकरण ओएसडी क्रांति शेखर , अरविन्द कुमार पुलिस प्रशासन के एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा एसीपी प्रवीण कुमार किसानों के बीच धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों ने अधिकारियों को नोएडा प्राधिकरण से हुए समझौते पत्र सौंपा और भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने अधिकारियों से कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बताएं कि किसानों से हुए समझौते किस रूप में और कितने अमल में लाये गये हैं।

# मुनव्वर फारूकी

## भी हैं लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर? मुंबई पुलिस देने जा रही सुरक्षा





12 अक्टूबर की रात एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली. अब ऐसी जानकारी सामने आई है कि मुंबई पुलिस स्टैंड कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को भी सुरक्षा देने वाली है. जानकारी के मुताबिक हाल ही में जब मुनव्वर दिल्ली में थे तो वहां कुछ लोगों ने उनका पीछा किया.बाबा सिद्दीकी मर्डर के बाद पुलिस कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती है, इसलिए पुलिस उन्हें भी सुरक्षा देने वाली है. जानकारी के अनुसार दिल्ली में जो लोग मुनव्वर का पीछा कर रहे थे, उनका कनेक्शन लॉरेंस बिश्नोई गैंग के साथ होने की बात कही जा रही है. दिल्ली में मुनव्वर का पीछा क्यों किया जा रहा था? अगर मुनव्वर लॉरेंस के निशाने पर है तो क्यों है? अभी इसके पीछे की वजह साफ नहीं है. इससे पहले पुलिस ने सलमान खान की भी सुरक्षा बढ़ाई है.

**लॉरेंस बिश्नोई ने लिया था सलमान का नाम**

दरअसल, बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद 13 अक्टूबर को फेसबुक पर एक पोस्ट करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा था, सलमान खान हम ये जंग नहीं चाहते. पोस्ट में ये भी लिखा था, कसी के साथ भी हमारी दुश्मनी नहीं है, लेकिन जो सलमान खान और दाऊद इब्राहिम की मदद करेगा, वो अपना हिसाब-किताब लगाए रखना.यूं तो सलमान को पहले से ही मुंबई पुलिस की तरफ से सुरक्षा मिली हुई है, लेकिन इस पोस्ट के सामने आने के बाद पुलिस और भी ज्यादा सतर्क हो गई और उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई. पहले बांद्रा में मौजूद उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई और उसके बाद पनवेल में सलमान के फार्महाउस पर सेक्योरिटी के कड़े इंतजाम कर दिए गए.बहरहाल, बाबा सिद्दीकी पर मुंबई के बांद्रा ईस्ट में फायरिंग हुई थी. वो अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर थे. उनपर तीन गोलियां चलाई गई थीं. उसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनकी जान नहीं बच पाई.

## Bigg Boss 18 : को-स्टार के मुंह से बदबू...रुबीना दिलैक, सुकीर्ति या कोई और? किस पर विवियन डीसेना ने कसा तंज



सलमान खान के 'वीकेंड का वार' पर उम्मीद ये थी कि दबंग खान आकर सब की क्लास लगाएंगे. लेकिन इस बार सलमान ने न किसी भी कंटेस्टेंट की क्लास ली और न ही उनके रवैये को लेकर कोई फटकार लगाई. लेकिन बिग बॉस 18 के पहले 'वीकेंड का वार' पर कंटेस्टेंट के बीच कई सारे मजेदार सेगमेंट का आयोजन किया गया और इन सेगमेंट के दौरान पूछे गए सवाल-जवाब के सिलसिले के बीच कई दिलचस्प खुलासे भी हुए. इस सेगमेंट में ही पूछे गए इस एक सवाल का जवाब देते समय विवियन ने खुलासा किया कि उनकी एक को-स्टार के मुंह से बदबू आती थी.

दरअसल बिग बॉस 18 के लॉन्च पर विवियन के साथ खेले गए रैपिड फायर सेगमेंट के दौरान उन्हें पूछा गया था कि अगर बिग बॉस के घर में वो कभी माउथ फ्रेशनर की मांग करते हैं तो उसके पीछे की वजह क्या होगी? इस सवाल का जवाब देते हुए विवियन ने कहा था कि वो पर्सनल हाइजीन की वजह से ही बिग बॉस के घर में माउथ फ्रेशनर की डिमांड कर सकते हैं, क्योंकि अपने करियर में उन्होंने कई बार इस बदबू का सामना किया है. अब 'वीकेंड का वार' पर बिग बॉस के शो में बतौर मेहमान शामिल हुए राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी ने विवियन डीसेना को उनके लॉन्च वाली वीडियो देखकर एक दिलचस्प सवाल पूछा.

**विवियन को चाहिए माउथ फ्रेशनर**

विवियन से सवाल पूछा गया कि आपने अपने करियर में किस बात का सामना किया है विवियन? इस सवाल का जवाब देते हुए विवियन ने कहा कि सर, मैंने कई बार बदबू का सामना किया है. मेरे किसी को-एक्टर के पास से किसी जमाने में ये बदबू आती थी. उनकी बात सुनकर राजकुमार राव ने उनसे पूछा कि क्या उनकी को-स्टार प्याज खाकर उनके साथ सीन करने आते थे? उनके सवाल का जवाब देते हुए विवियन बोले, अरे सर, मत पूछिए. प्याज क्या गार्लिक, खाकरा, चाय, स्मोक (सिगरेट का धुआं) सब की बदबू एक साथ आती थी. उनका जवाब सुनने के बाद सलमान ने कहा कि जाहिर सी बात है कि वो आपको बहुत ज्यादा पसंद करती थीं विवियन.

**विवियन का खुलासा**

इस पूरी बातचीत में विवियन ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि वो किस एक्टर की बात कर रहे हैं. लेकिन जब सलमान ने कहा कि वो आपको पसंद करती होंगी तब उन्होंने कोई ऑब्जेक्शन भी नहीं लिया.

## टीवी पर कमबैक करने वाली हैं स्मृति ईरानी? रूपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' में लेंगी एंट्री?



राजन शाही का हिट टीवी शो 'अनुपमा' साल 2020 में अपनी शुरुआत से ही टीआरपी रैंकिंग पर हावी रहा है. 'अनुपमा' ने अब 15 साल की छलांग लगा ली है और कई पिछले किरदारों ने शो को अलविदा भी कह दिया है. इसी बीच, 'अनुपमा' में कुछ नए स्टार्स की एंट्री हो गई है. हर नए एपिसोड के साथ शो ने लोगों को एंटरटेन किया है. अब ऐसी खबर मिली है कि पॉलिटिशियन स्मृति ईरानी 'अनुपमा' में एंट्री ले सकती हैं.हाल ही में 'अनुपमा' के मेकर्स ने लीप के बाद शो का प्रोमो दिखाया था. लीप के बाद शो में काफी कुछ बदलाव किया गया. हालांकि, रूपाली गांगुली, अलीशा परवीन और शिवम खजूरिया शो का हिस्सा रहेंगे. अब ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि स्मृति ईरानी 'अनुपमा' में शामिल हो सकती हैं.

**अनुपमा का हिस्सा बनेंगी स्मृति ईरानी ?**

टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक स्मृति ईरानी 'अनुपमा' में लीप के बाद हिस्सा बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि शो में स्मृति ईरानी एक खास कैमियो रूपाली गांगुली के साथ शूट करेंगी. हालांकि, उनके किरदार के बारे में अभी कुछ नहीं पता चला है और मेकर्स की तरफ से इसकी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है.

**स्मृति ईरानी का टीवी करियर**

स्मृति ईरानी ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू' में तुलसी विरानी के किरदार से टीवी इंडस्ट्री में अपने नाम बनाया था. एकता कपूर के इस शो से उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी थी. साल 2000 में, उन्होंने टीवी सीरीज 'आतिश' से अपने एक्टिंग की शुरुआत की और बाद में 'हम हैं कल आज और कल' में दिखाई दीं. इसके बाद, एकता कपूर ने स्मृति ईरानी को 'क्योंकि सास भी कभी बहू' की पेशकश की.साल 2002 में स्मृति ईरानी ने नीतीश भारद्वाज के साथ 'रामायण' में सीता का किरदार निभाया था. फिर 2006 में उन्होंने टीवी शो 'थोड़ी सी जमीन' में को-प्रोड्यूसर का काम किया. इसके बाद 2007 में, उन्होंने टीवी शो 'विरुद्ध' को प्रोड्यूस किया और इसमें लीड रोल निभाया.

**राजनीति में बनाया करियर**

स्मृति ईरानी ने 2008 में साक्षी तंवर के साथ मिलकर डांस रियलिटी शो 'ये है जलवा' की मेजबानी की थी. साल 2009 में वो कॉमेडी शो 'मणिबेन डॉट कॉम' में नजर आई थीं. उसके बाद स्मृति ईरानी ने टीवी छोड़ दिया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं.




# आमिर खान

## की आने वाली ये 6 फिल्में, उनको कमबैक का किंग बना देंगी!

आमिर खान की पिछली दो बड़ी फिल्में फ्लॉप रहीं. 'ठग्स ऑफ हिंदुस्तान' अच्छी ओपनिंग के बावजूद अपना बजट नहीं निकाल पाई. इसके बाद आई 'लाल सिंह चड्ढा' भी बुरी तरह पिट गई. अब वो अपना कमबैक प्लान कर रहे हैं.आमिर के पास इस वक्त कई फिल्में हैं. ये फिल्में उन्हें कमबैक का किंग बना सकती हैं. आइए जरा उनकी आने वाली मूवीज पर एक नजर डाल लेते हैं.

**1. लाहौर 1947**

'लाहौर 1947' सनी देओल की फिल्म है. इसे राजकुमार संतोषी डायरेक्ट कर रहे हैं. आमिर खान इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं. उनका इस फिल्म में कैमियो भी होने वाला है. उनका रोल फिल्म में कैसा होगा, इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है. फिल्म में सनी देओल के अलावा शबाना आज़मी, प्रीति ज़िंटा, अभिमन्यु सिंह और करण देओल भी अहम भूमिकाओं में होंगे.



**2. कुली**

आमिर खान 'कुली' में कैमियो करने वाले हैं. ये उनका साउथ में डेब्यू होगा. ये लोकेश कनगराज की फिल्म है. इसे वो बड़े स्केल पर बना रहे हैं. रजनीकान्त फिल्म में लीड रोल कर रहे हैं. उनके साथ पहली बार आमिर स्क्रीन शेयर करेंगे. फिल्म में उनका एक मासी सीक्वेंस होगा. इसे फिल्म के 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले शूटिंग शेड्यूल के दौरान फिल्माया जाएगा. इसमें रजनीकान्त और आमिर खान के साथ नागार्जुन, श्रुति हासन, उपेन्द्र और सत्यराज अहम रोल करेंगे.

**3. हैप्पी पटेल**

मशहूर कॉमेडियन वीर दास इस फिल्म को बना रहे हैं. उन्होंने ही इस फिल्म को लिखा भी है. आमिर इसे प्रोड्यूस करेंगे. साथ ही वो इसमें कैमियो भी करते नजर आएंगे. फिल्म में वो डॉन बन सकते हैं. 'हैप्पी पटेल' में इमरान खान का भी कैमियो होने की बात कही जा रही है. ये एक पॉलिटिकल सटायर मूवी हो सकती है.

**4. सितारे जमीन पर**

आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' बड़ी फ्लॉप रही है. ये हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्ब' का रीमेक थी. इसके बावजूद आमिर एक और रीमेक कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम 'सितारे जमीन पर' है. ये 2018 में आई स्पैनिश फिल्म 'चैंपियंस' का रीमेक होगी. ये एक बास्केटबॉल कोच की कहानी है, जो मेंटली चैलेंज बच्चों को ट्रेंड करता है. ये फिल्म मार्च 2025 में आने की संभावना है.

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप के लिए मलेशिया रवाना

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम रात 12वें सुल्तान जोहोर कप में भाग लेने के लिए मलेशिया रवाना हो गई। 19 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में भारत का सामना मेजबान मलेशिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होगा।नव नियुक्त हेड कोच, पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा, उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। 25 अक्टूबर को आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में आगे बढ़ने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में रहने की उम्मीद करेगा। कप्तान आमिर अली ने टूर्नामेंट को लेकर कहा, टीम नए हेड कोच पीआर श्रीजेश के तहत अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार हम जर्मनी से हारने के बाद अपना खिताब बचाने में असफल रहे थे, लेकिन इस बार हम बेहतर तरीके से तैयार हैं और प्रतियोगिता में किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं।

## बीपीएल के आगामी संस्करण के लिए चटगांव किंग्स में शामिल हुए शाकिब अल हसन

**ढाका।** शाकिब अल हसन बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के आगामी संस्करण के लिए चटगांव किंग्स में शामिल हो गए हैं। पिछले साल, शाकिब ने रंगपुर राइडर्स के साथ दो साल का करार किया था, लेकिन बाद में दोनों पक्ष आपसी समझ से अलग हो गए। फॉर्च्यून बरिशाल ने रिशाद हुसैन को चुना, लेकिन ऐसा तब हुआ जब 40 अन्य क्रिकेटरों को फ्रेंचाइजी द्वारा पहले ही चुना जा चुका था। शायद, फ्रेंचाइजी रिशाद को चुनने में झिझक रही थीं क्योंकि होबार्ट हरिकेन द्वारा इस सीज़न के बिग बैश लीग के लिए चुने जाने के बाद उनकी उपलब्धता थोड़ी अस्पष्ट है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने भी देर से अनुबंध किया था, बरिशाल ने उन्हें फिर से शामिल किया। मशरफे मुर्तजा को ग्रुप बी में रखे जाने से कुछ लोगों की भौंहें तन गईं क्योंकि उन्होंने पिछले संस्करण में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। हालाँकि, उन्हें सिलहट स्ट्राइकर्स द्वारा चुना गया था, जिसके लिए वह बीपीएल के पिछले दो संस्करणों में दिखाई दिए थे। खिलाड़ियों के ड्राफ्ट को लेकर काफी अनिश्चितता थी जो अंततः सोमवार (14 अक्टूबर) को ढाका में हुआ। बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद इस बात से प्रसन्न थे कि मसौदा तैयार हो गया।

## वर्ल्ड मार्डन पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप में मप्र के खिलाड़ी यश बाथरे ने जीते दो पदक

**भोपाल।** इजिप्ट में 8 से 14 अक्टूबर तक आयोजित वर्ल्ड मार्डन पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप 2024 में मप्र राज्य खेल अकादमी के ट्रायथ्लॉन खिलाड़ी यश बाथरे ने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुये एक रजत और एक कांस्य सहित कुल 2 पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। इजिप्ट में आयोजित इस मार्डन पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ी यश बाथरे ने ट्रायथ्ले टीम इवेन्ट में रजत और बाईथ्ले टीम इवेन्ट में कांस्य पदक अर्जित किया।

**खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई**

प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के ट्रायथ्लॉन खिलाड़ी यश बाथरे द्वारा अर्जित इस खेल उपलब्धि की सराहना करते हुये बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि यश बाथरे ने वर्ल्ड कप में दो पदक जीतकर इतिहास रचा है। यह पहला अवसर है जब म.प्र. राज्य ट्रायथ्लॉन अकादमी भोपाल के किसी खिलाड़ी ने दो पदक अर्जित किये हैं। यश बाथरे 4 वर्षों से म.प्र. राज्य ट्रायथ्लॉन अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन मनोज झा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

## भारतीय महिला टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी वनडे सीरीज, कार्यक्रम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय महिला टीम की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। भारतीय महिला टीम फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात में हो रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खेल रही है। इस टूर्नामेंट के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई के अनुसार तीन मौचों की सीरीज के ये तीनों मुकाबले अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है।



**तीन मैचों की वनडे सीरीज का कार्यक्रम**

पहला मैच - 24 अक्टूबर - नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, दूसरा मैच - 27 अक्टूबर - नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, तीसरा मैच - 29 अक्टूबर - नरेन्द्र मोदी स्टेडियम

# सिंधु एवं सेन डेनमार्क ओपन बैडमिंटन में भारतीय दल की अगुवाई करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन से ओडेंस के एरिना फिन में होने वाले डेनमार्क ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय दल की अगुवाई करेंगे। पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन 2024 टूर्नामेंट में सिंधु और सेन ने पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर में वापसी की थी। हालांकि विश्व की 16वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ सीधे गेम में हारकर वापसी करने में विफल रहीं। नई कोचिंग टीम की नियुक्ति के बाद सिंधु का पहला मैच भी था। कोंचिग टीम में भारत के अनूप श्रीधर और दक्षिण कोरिया के ली सून इल शामिल थे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु का मुकाबला रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज चीनी ताइपे की पाई यू पो से है। यह डेनमार्क ओपन 2024, एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला एकल प्रतियोगिता का पहला राउंड है। इस बीच लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन के पुरुष एकल में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी हैं। पिछले सप्ताह उन्हें चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन से हार का सामना करना पड़ा था। विश्व के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन का मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। महिला एकल प्रतियोगिता में मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा और आकर्षि कश्यप भी खेलेंगी।





पुरुष युगल स्पर्धा में कोई भी भारतीय जोड़ी शामिल नहीं होगी। महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में चार जोड़ियां कोर्ट में उतरेंगी। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा बहनों की जोड़ी चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई एवं यांग चिंग टुन से भिड़ेंगी जबकि त्रिशा जॉली एवं गायत्री गोपीचंद महिला युगल के अपने पहले मुकाबलों में मलेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त टैन पर्ली तथा थनाह मुरलीधरन से मुकाबला करेंगी। मिश्रित युगल में सतीश कुमार करुणाकरण एवं आद्या वरियाथ का मुकाबला रेहान नौफल कुशारजंतो एवं लिसा आयु कुसुमावती से होगा और बी. सुमीत रेड्डी तथा सिक्की रेड्डी का सामना पहले राउंड में कनाडा की जोड़ी केविन ली और एलियाना झांग से होगा। डेनमार्क ओपन 2024 बैडमिंटन के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है।

**पुरुष एकलः लक्ष्य सेन**

महिला एकलः पीवी सिंधु, मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा, आकर्षि कश्यप

महिला युगलः रितुपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा, त्रिशा जॉली/गायत्री गोपीचंद

मिश्रित युगलः सतीश कुमार करुणाकरण/आद्या वरियाथ, बी. सुमीत रेड्डी/सिक्की रेड्डी

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 में पटना पाइरेट्स की कमान संभालेंगे शुभम शिंदे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए पटना पाइरेट्स ने डिफेंडर शुभम शिंदे को कप्तान और अंकित को उप-कप्तान बनाया है। पीकेएल का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर से शुरू होगा। महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के कोलकेवारी गांव के रहने वाले 26 वर्षीय शुभम शिंदे अपने सकारात्मक स्वभाव और अनुशासन के कारण कबड्डी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हैं। उनकी अनूठी डिफेंडिंग शैली ने हमेशा टीम को मजबूती दी है। शुभम ने प्रो-कबड्डी में 100 से अधिक प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं और उनके पास अपनी साख का समर्थन करने के लिए एक प्रभावशाली रिकॉर्ड है। 25 वर्षीय अंकित ने प्रो कबड्डी में 23 से अधिक मैच खेले हैं और वे उप-कप्तान के रूप में टीम का समर्थन करेंगे। मैचों के दौरान अंकित की गति और चपलता टीम के लिए एक परिसंपत्ति होगी। पीकेएल की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि शुभम के कप्तान और अंकित के उप-कप्तान के साथ, पटना पाइरेट्स सीजन 11 पीकेएल खिताब जीतने के लिए उत्साहित हैं।

कप्तान और उप-कप्तान के नाम की घोषणा करते हुए, पटना पाइरेट्स के सीईओ पवन राणा ने कहा, एक टीम के रूप में हमने हमेशा अपने प्रशंसकों और समर्थकों के लिए गुणवत्तापूर्ण कबड्डी को बढ़ावा दिया है। एक इकाई के रूप में, शुभम शिंदे की कप्तानी और उप-कप्तान के रूप में अंकित के समर्थन में, हम अपना चौथा चैम्पियनशिप खिताब जीतने का इरादा रखते हैं। उन्हें शुभकामनाएं। पटना पाइरेट्स शुभम शिंदे की अगुआई वाली एक मजबूत टीम के साथ कबड्डी प्रशंसकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। टीम में अन्य खिलाड़ी अंकित, संदीप कुमार, अयान, दीपक, साहिल पाटिल, नवदीप, अभिनंद सुभाष, कुणाल मेहता, सुधाकर एम, मनीष, गुरदीप, त्यागराजन युवराज, बाबू मुरुगासन, दीपक राजेंद्र सिंह, मीतू, देवांक, प्रशांत कुमार राठी, सागर, अमन, प्रविंदर, जंग कुन ली, हामिद मिर्जाई नादर हैं।

# एचआईएल की नीलामी में दूसरे दिन 114 खिलाड़ी खरीदे गये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिए दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाकर 114 खिलाड़ियों को खरीदा। इसी के साथ छह टीमों में 20-20 और दो टीमों में 24-20 खिलाड़ी हो गये है। दोनों दिनों में कुल 168 खिलाड़ी खरीदे गये। आज यहां हुई नीलामी के पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपये में खरीदा। वहीं 20 नये युवा खिलाड़ी न्यूनतम दो-दो लाख रूपये की बोली पर खरीदे गये। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपये में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख रुपये में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीदा। आज पहले हाफ में कुल देशी विदेशी 51 खिलाड़ी बिके। इनमें शीर्ष बोली में विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख रुपये में, थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड) को कलिंगा लांसर्स ने 38 लाख रुपये, टॉमस डोमेने (अर्जेंटीना) को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 36 लाख रुपये, मोरियांगथेम रबीचंद्र को कलिंगा लांसर्स ने 32 लाख रुपये, आर्थर वैन डोरेन (बेल्जियम) को कलिंगा लांसर्स 32 लाख रुपये में टीम में शामिल किया है। जर्मनी के गोंजालो पेइलाट सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने उन्हें हैदराबाद तूफान ने 68 लाख में खरीदा। जबकि नीदरलैंड के जिप जानसेन को तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 54 लाख में खरीदा।

# स्मिथ भारत के खिलाफ पारी की शुरुआत नहीं करेंगे

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के ख़िलाफ़ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया कि स्मिथ ने दोबारा मध्य क्रम में खेलने की इच्छा जताई थी और अब कैमरन ग्रीन के टेस्ट सीरीज़ से बाहर हो जाने से उनकी जगह स्मिथ मध्य क्रम में खेलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने जब पिछली टेस्ट सीरीज़ न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ खेली थी उसके बाद से बतौर सलामी बल्लेबाज़ स्मिथ का आंकड़ा आठ पारियों में 28.50 की औसत से 171 रन था। हालांकि स्मिथ ने ही जनवरी में कहा था कि वह सलामी बल्लेबाज़ी के लिए तैयार हैं और फिर नंबर-4 का स्थान ग्रीन को दिया गया था। लेकिन अब एक बार फिर स्मिथ अपनी पुराने क्रम पर बल्लेबाज़ी कर सकते हैं। बेली ने कहा, 'पैट कमिंस, स्मिथ और एंड्र्यू के साथ बातचीत के बाद हमने ये फ़ैसला लिया है। हालांकि ग्रीन की चोट से पहले ही हम इस पर विचार कर रहे थे लेकिन अब ये साफ़ है कि ग्रीन का नंबर-4 का स्थान फ़िलहाल ख़ाली हो गया है।' हालांकि बेली ने ये भी कहा है कि स्मिथ नंबर-4 पर ही खेलेंगे या किसी और नंबर पर इसका फ़ैसला फ़िलहाल नहीं लिया गया है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पांच मैचों की सीरीज़ का पहला टेस्ट पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाएगा। उन्होंने कहा, 'स्मिथ नंबर-4 पर ही खेलेंगे या उनका क्रम कुछ और होगा, ये पर्थ टेस्ट से पहले कमिंस के साथ बातचीत में तय किया जाएगा। अभी पर्थ टेस्ट में काफ़ी समय है और टीम के हिसाब से उनके बल्लेबाज़ी क्रम पर फ़ैसला लिया जाएगा लेकिन ये साफ़ है कि वह सलामी बल्लेबाज़ नहीं होंगे। मध्य क्रम में वह कितने नंबर पर खेलेंगे इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाज़ी होगी।'



# उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज सिंह

एजेंसी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई।



बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा.रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए है। इसके अलावा गोरखपुर के राजेश नायक वरिष्ठ सह सचिव, मथुरा के मुकेश यादव व अलीगढ़ के ओम प्रकाश सह सचिव, मुजफ्फर नगर के विकास रूडकीवाल उपाध्यक्ष, बहराईच के अभिषेक धानुक व आगरा के पृथ्वीराज सदस्य मनोनीत किए गए है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा गठित विभिन्न समितियों के चेयरमैन की घोषणा की गई। नवनियुक्त चेयरमैन अब समितियों के सदस्यों का चुनाव करेंगे।

## प्रदेशीय क्रिकेट में डॉ. अनूप बने चयनकर्ता

एजेंसी

**प्रयागराज।** आगरा में 15 से 19 अक्टूबर तक होने वाली 68वीं प्रदेशीय अंडर-14 (बालक) क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शहर के डॉ.अनूप कुमार श्रीवास्तव को चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के प्रधानाचार्य के पत्रानुसार सीएवी इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डॉ. अनूप प्रदेशीय प्रतियोगिता में चयनकर्ता का दायित्व निभायेंगे। डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव वर्ष 1998 से 2023-24 तक कई बार वीनू मांकड व सीके नायडू क्रिकेट टीम के चयनकर्ता, कोच व मैनेजर रह चुके हैं। इसके पूर्व डॉ श्रीवास्तव दुबई (यूएई) में वर्ष 2017 तक आयोजित आईजेपीएल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में यूपी हीरोज के कोच, एसजीएफआई द्वारा वर्ष 2018 में ग्वालियर, मध्य प्रदेश में आयोजित नेशनल स्कूल टी-20 क्रिकेट चैम्पियनशिप में दिल्ली डेसर्स के कोच बनाए गए थे। इसके अलावा वर्ष 2016-17 में 'हांगकांग (चीन) में द्वितीय एशियन स्कूल गेम्स में भारतीय रग्बी फुटबाल टीम के मैनेजर भी रह चुके हैं।



# न्यूजीलैंड, पाकिस्तान को 54 रनों से रौंदकर सेमीफाइनल में

एजेंसी

**दुबई।** ब्रूक हैलिडे (22) की शानदार पारियों के बाद एमेलिया केर (तीन विकेट) और ईडन कार्सन (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को 54 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

आज के इस मुकाबले में 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम जिस तरह से 11.4 ओवर में 56 के स्कोर पर सिमट गई वह अपने आपमें आश्चर्यजनक रहा। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण के दौरान कई कैच छोड़े और उसके बाद बेमन से बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के दौरान ऐसा लग रहा था जैसा कोई नयी टीम पहली बार क्रिकेट खेल रही हो। मुनीबा अली (15) और कप्तान फातिमा सना (21) के अलावा पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। पांच बल्लेबाजो का स्कोर शून्य रहा। चार बल्लेबाज नौ, तीन, दो, दो रनपर आउट हुये। चार विकेट तो मात्र चार रन जोड़कर न्यूजीलैंड की झोली में डाल दिये। न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने 2.4 ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये। ईडन कार्सन को तीन ओवर में सात रन देकर दो विकेट मिले। रोजमेरी मेयर, लिया तहुहू और फ्रैन जोनस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



इससे पहले आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। नाशरा संधू ने सातवें ओवर में जॉर्जिया पलिमर (17) को आउट कर इस जोड़ी तोड़ा और पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नौवें ओवर में संधू ने सूजी बेट्स (28) को आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। एमेलिया केर (नौ) को ओमाइमा ने आउट किया। कप्तान सोफी डिवाइन और ब्रूक हैलिडे ने धीमी और जूझारू पारी खेली। ब्रूक हैलिडे (22) को संधू ने आउट किया। वहीं सोफी डिवाइन (19) सादिया इकबाल का शिकार बनी। मैडी ग्रीन (नौ) को निदा डार ने आउट किया। हालांकि इस दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े उसके बावजूद न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से नाशरा संधू ने तीन विकेट लिये। सादिया इकबाल, निदा डार,ओमाइमा सोहेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# आक्रामकता और मजबूत इरादे से खेलेंगे तभी आपका विकास होगा: गंभीर

एजेंसी


**बेंगलुरू।** भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने कहा कि मौजूदा दौर में एक ही तरह से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल सकते, आप आक्रामकता, मजबूत इरादे और बैजबॉल से खेंलेगे तभी मैच में परिणाम मिलेगा और आपका विकास होगा। भारतीय कोच गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले बेंगलुरु में कहा, हम ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बना सके और टेस्ट ड्रॉ करने के लिए दो दिन तक बल्लेबाजी कर सके। इसी को आप विकास कहते हैं, इसे ही आप अनुकूलन कहते हैं और इसे आप टेस्ट क्रिकेट कहते हैं। यदि आप केवल एक ही तरीके से खेलते हैं, तो विकास नहीं होता। उन्होंने कहा, अंततः हमारा पहला मकसद मैच जीतना है और फिर अगर ऐसी स्थिति आती है जहां टीम को ड्रॉ के लिए खेलना हो, तो हमें वह विकल्प भी खुले रखने होंगे। यही वह विचारधारा है, जिसके साथ हम टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि लोग आक्रामक हों, हम चाहते हैं कि लोग मैदान पर जाकर अपना स्वाभाविक खेल खेलें। अगर वे एक दिन में 400-500 रन बना सकते हैं, तो क्यों नहीं हम इसी तरह खेले। अधिक जोखिम, अधिक इनाम, अधिक जोखिम, अधिक असफलता। ऐसे दिन भी आएंगे जब हम 100 रन पर सिमट जाएंगे, लेकिन हम अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं विश्व क्रिकेट की बात नहीं कर सकता। हर टीम की अपनी विचारधाराएं होती हैं, टेस्ट क्रिकेट खेलने के अपने तरीके होते हैं। मैं केवल अपनी टीम की बात कर सकता हूं। यदि हम कभी ऐसी स्थिति में होते हैं, जहां हमें टेस्ट ड्रॉ करने के लिए दो दिन तक बल्लेबाजी करनी पड़े, तो हमारे ड्रेसिंग रूम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो दो दिन तक बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷हम इसी तरह से खेलकर देश के लोगों का मनोरंजन करना और टेस्ट क्रिकेट में किसी भी स्थिति में परिणाम हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड का सामना करना एक पूरी तरह से अलग चुनौती है। हम जानते हैं कि वे बहुत ही अच्छी टीम हैं। उनके पास कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन हम किसी से डरते नहीं हैं। उन्होंने कहा, ÷मैंने कई बार कहा है कि हम हमेशा हर विपक्षी टीम का सम्मान करेंगे। हम निःस्वार्थ रहना चाहते हैं। हम मैदान पर आक्रामक हो सकते हैं लेकिन जब मैच खत्म हो जाए, तो हम जितने हो सके विनम्र बनना चाहते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, देखिए, पहली बात यह है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जून 2025 में है। और दूसरी बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच 22 नवंबर को है। अभी हमारे दिमाग में केवल आगामी टेस्ट सीरीज है और कुछ नहीं।उन्होंने कहा, जब आप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं, तो आप यह नहीं सोचते कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पांच टेस्ट मैचों के लिए कैसे तैयारी करनी है या वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए कैसे तैयारी करनी है। अभी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 16 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे के लिए तैयार होना। यह अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि आप इतनी दूर की नहीं सोचते।

# अर्जेंटीना को बोलीविया के खिलाफ मैक एलिस्टर की वापसी की उम्मीद

एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी बोलिविया के खिलाफ़ अपने घरेलू विश्व कप क्वालीफ़ायर के लिए एलेक्सिस मैक एलिस्टर की वापसी का अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा करेंगे। मैक एलिस्टर गुरुवार को वेनेजुएला के साथ एल्बिसेलेस्टे के 1-1 से ड्रॉ मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया है और ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच में खेल सकते हैं। लिवरपूल के मिडफील्डर की फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर स्कोलोनी ने कहा, एलेक्सिस ने सामान्य रूप से प्रशिक्षण लिया और हम आज बाद में निर्णय लेंगे कि वह खेलने के लिए तैयार है या नहीं।



स्कोलोनी ने मैच की शुरुआत में इंटर मिलान के लुटारो मार्टिनेज और एटलेटिको मैड्रिड के जूलियन अल्वारेज़ के साथ आक्रमण करने की संभावना भी जताई। उन्होंने कहा, हमें अभी भी शुरुआती टीम को परिभाषित करने की आवश्यकता है, लेकिन हमारे पास उन दोनों के साथ खेलने की संभावना है।अर्जेंटीना वर्तमान में नौ मैचों में 19 अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र की स्टैंडिंग में सबसे आगे है, जो छठे स्थान पर मौजूद बोलीविया से सात अंक आगे है। स्कोलोनी ने अपने खिलाड़ियों से बोलीविया को हल्के में न लेने का आग्रह किया क्योंकि उनका लक्ष्य 1994 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का है। स्कोलोनी ने कहा, हम बोलीविया का बहुत सम्मान करते हैं। वे अच्छा खेल रहे हैं और हम किसी भी परिस्थिति में आत्मसंतुष्ट नहीं हो सकते। उनके पास पाँच अच्छे मिडफील्डर हैं। हम जानते हैं कि हमें सतर्क रहना होगा और अपना सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खेलने के लिए तैयार रहना होगा।

# हॉकी इंडिया लीग 2024-25 : पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों की नीलामी पूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी दो दिवसीय पुरुष नीलामी के साथ हुई जो नई दिल्ली में समाप्त हुई।नीलामी के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे बिके, उन्हें सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रुपये की बोली लगाकर खरीदा, जबकि सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी अर्जेंटीना से जर्मन राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी गोंजालो पेइलट की रही, जिन्हें हैदराबाद तूफान ने 68 लाख रुपये में खरीदा।



## घरेलू शेयर बाजार में पूरे दिन लिवालों का रहा जोर, खरीदारी के सपोर्ट से उछले सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.73 प्रतिशत और निफ्टी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान रियल्टी, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पीएसई और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर मेटल, मीडिया और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 463.76 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.27 लाख करोड़ रुपये था।

## शक्तिकांत दास ने धन प्रेषण की लागत और समय कम करने की वकालत की

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने विदेश से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने नई दिल्लीं में 'सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स' विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। उन्?होंने कहा कि हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को कम करने की अपार संभावनाएं हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि इसके अलावा डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है।

## थोक महंगाई दर सितंबर महीने में बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर सितंबर महीने में 1.84 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त महीने में यह 1.31 फीसदी थी। सितंबर 2023 में थोक महंगाई दर 0.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अगस्त में यह दर घटकर 1.31 फीसदी पर आ गई थी। जुलाई में थोक महंगाई दर 2.04 फीसदी रही थी। मंत्रालय ने कहा कि सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने की वजह से थोक महंगाई दर बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें सितंबर महीने में बढ़कर 9.47 फीसदी हो गई है, जबकि अगस्त में यह 3.26 फीसदी रही थी। हालांकि, सितंबर में ईंधन और बिजली की कीमतों में 4 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है, जबकि पिछले महीने यह 0.67 फीसदी थी। वहीं, थोक मूल्य सूचकांक के प्राइमरी आर्टिकल की सलाना मुद्रास्फीति दर बढ़कर 6.59 फीसदी हो गई है, जो अगस्त में 2.42 फीसदी रही थी। हालांकि, मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की थोक महंगाई दर 1.22 फीसदी से घटकर एक फीसदी पर आ गई है।

## अमेजन इंडिया ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से जुड़े 16 लाख विक्रेता

**लखनऊ।** अमेजन इंडिया का दावा है कि ग्रेट इंडिया फेस्टिवल 2024 में देश भर में 16 लाख से अधिक विक्रेताओं ने अपने उत्पादों को पेश किया है जिनमें से अकेले उत्तर प्रदेश में ही दो लाख विक्रेता शामिल हैं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, कैटेगरी सौरभ श्रीवास्तव ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश भर में ग्रेट इंडिया फेस्टिवल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। 27 सितंबर को शुरू हुए अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले 48 घंटों ने अमेजन.इन पर विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए करीब 11 करोड़ ग्राहक विजिट और आठ से अधिक विक्रेताओं की एक लाख रुपए से अधिक की बिक्री के साथ अबतक का सबसे बड़ी ओपनिंग देखी है। लखनऊ में दो-पहिया वाहनों की बिक्री में तीन गुना की वृद्धि के साथ सबसे स्ट्राइकिंग ट्रेंड देखने को मिला, साथ ही व्हीकल टूल्स के लिए मांग में 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। उन्होने बताया कि अमेजन.इन ने उत्तर प्रदेश में एक मजबूत भौतिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश किया है, जिसमें 22.3 लाख वर्ग फुट की भंडारण क्षमता वाला एक फुलफिलमेंट सेंटर और छह हजार वर्ग फुट सोर्टिंग एरिया के साथ एक सॉर्टेशन सेंटर शामिल है।

# राइजिंग राजस्थान के तहत 76 हजार 400 करोड रुपये के निवेश के करार पर हस्ताक्षर

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' शहरी क्षेत्र पूर्व सम्मेलन में 400 से अधिक निवेशकों के साथ 76 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक के नए निवेश के करार पर हस्ताक्षर किए गए। शहरी विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बताया कि इसमें रियल एस्टेट, डेटा सेंटर और आईटी पार्क, टाउनशिप और शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण के क्षेत्रों में हस्ताक्षरित निवेश के करार राज्य में सतत शहरीकरण, किफायती और गुणवत्तापूर्ण जीवन के लक्ष्य को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि निवेश करारों पर हस्ताक्षर करने वाली प्रमुख कंपनियों में हीरानंदानी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, के रहेजा कॉर्प, कस्तूरी ग्रुप और विराज ग्रुप शामिल हैं। राइजिंग राजस्थान से पहले आयोजित पूर्व निवेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अगले पांच वर्षों में राजस्थान




की अर्थव्यवस्था के आकार को मौजूदा 180 बिलियन डॉलर से दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राजस्थान की करीब 26 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती है और राजस्थान के सभी जिले महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हैं जो राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने जा रहे हैं। इसलिए, शहरी बुनियादी ढांचे का कायाकल्प और सुदृढ़ीकरण, बसों और मैट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना और किफायती आवास में परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएँ हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान सम्मेलन की मेजबानी करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राइजिंग राजस्थान के तहत हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों को अगले दो तीन वर्षों में जमीन पर उतारा जाए। राजस्थान में व्यवसाय सरलीकरण को प्रोत्साहित करने, कागजी प्रक्रिया समय को कम करने और उद्योगों के विस्तार एवं स्थापना के लिए विकेन्द्रीकृत-स्तर के निर्णय लेने को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

पूर्व सम्मेलन समारोह में निवेशकों को प्रस्तुतिकरण देते हुए शहरी विकास और आवास विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि राजस्थान में देश में सबसे अधिक भूमि है, जो बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की क्रियान्विति के बाद राज्य में पानी की कमी भी नहीं रहेगी। राज्य निवेशक-अनुकूल नीतियों जैसे कि किफायती आवास नीति और समान टाउनशिप नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से सतत शहरीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खुदरा महंगाई दर सितंबर में 9 महीने के उच्चतम स्तर 5.49 फीसदी पर पहुंची



एजेंसी

**नई दिल्ली।** थोक के बाद खुदरा महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। सितंबर महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर उछलकर 5.49 फीसदी पर पहुंच गई है। अगस्त में यह 3.65 फीसदी थी। ये 9 महीने का उच्चतम स्तर है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि खराब मौसम और सब्जियों के महंगे होने से सितंबर महीने में खुदरा महंगाई बढ़कर 5.49 फीसदी पर पहुंच गई है। अगस्त महीने में यह 3.65 फीसदी पर थी। पिछले साल सितंबर माह में खुदरा महंगाई 5.02 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर में उछलकर 9.24 फीसदी हो गई है, जो पिछले महीने अगस्त में 5.66 फीसदी और एक साल पहले इसी महीने में 6.62 फीसदी थी। शहरी महंगाई महीने-दर-महीने के आधार पर 3.14 फीसदी से बढ़कर 5.05 फीसदी हो गई है। ग्रामीण महंगाई 4.16 फीसदी से बढ़कर 5.87 फीसदी पर पहुंच गई है।

# आरबीआई ने एसजी फिनसर्व पर 28.30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई ने एसजी फिनसर्व लिमिटेड पर 28.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक कंपनी पर यह जुर्माना पंजीकरण प्रमाणपत्र से संबंधित कुछ विशिष्ट शर्तों का पालन नहीं करने के लिए लगाया है। एसजी फिनसर्व को पहले मूंगिपा सिक्योरिटीज के नाम से जाना जाता था। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि एसजी फिनसर्व लिमिटेड पर 28.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के कंपनी के वित्तीय विवरणों में अन्य बातों के साथ-साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) से जुड़ी विशिष्ट शर्तों का पालन न करने का खुलासा हुआ है। रिजर्व बैंक ने बताया कि कंपनी ने जारी किए गए सीओआर की विशिष्ट शर्तों का उल्लंघन करते हुए लोगों से राशि स्वीकार की और ऋण दिए। रिजर्व नहीं करने की वजह से लगाया गया है। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए तीन




बैंक ने जारी एक अन्य बयान में कहा कि अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक पर 14 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक पर यह जुर्माना विवेकपूर्ण मानदंडों को मजबूत करने और 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) पर कुछ निर्देशों का पालन अन्य सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगाया है। इन बैंकों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, भिंड, मध्य प्रदेश, द अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, धरनगांव, महाराष्ट्र और श्री कालाहस्ती को-ऑपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड, आंध्र प्रदेश शामिल हैं।

# भारत 2025 तक 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण की ओर बढ़ रहा है: हरदीप पुरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 तक पेट्रोल के साथ 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्?ली में आयोजित 12वें सीआईआई बायोएनर्जी शिखर सम्मेलन 2024 में सरकार की सक्रिय नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश निर्धारित समय से पांच महीने पहले ही अपने पहले के 10 फीसदी इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को पार कर गया है। उन्?होंने कहा कि 20 फीसदी लक्ष्य प्राप्त करने की प्रारंभिक समय-सीमा 2030 निर्धारित की गई थी, लेकिन तब से इसे संशोधित कर अक्टूबर 2025 कर दिया गया है। पेट्रोलियम मंत्री ने भारत की इथेनॉल मिश्रण पहल की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा




कि ये मिश्रण 2014 के 1.53 फीसदी से बढ़कर 2024 तक अनुमानित 15 फीसदी हो गया है। इन परिणामों से उत्साहित होकर सरकार ने 20 फीसदी मिश्रण के अपने लक्ष्य की समय सीमा को कम करके 2025 कर दिया है, जिससे सतत ऊर्जा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। उन्होंने आगे कहा कि 20 फीसदी मिश्रण लक्ष्य की प्राप्ति के बाद भविष्य के लिए रोडमैप विकसित करने के लिए चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। ये रोडमैप ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के अगले कदमों का मार्गदर्शन करेगा। पुरी ने जोर देकर कहा कि इस समय-सीमा के बाद जैव ईंधन क्षेत्र के लिए एक व्यापक रोडमैप विकसित किया जाएगा। उन्होंने भारतीय ऊर्जा बाजार में उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता को संतुलित करने की चुनौतियों को स्वीकार किया, लेकिन पुष्टि की कि खाद्य-भंडार की बढ़ती कीमतों के बीच इथेनॉल का मिश्रण एक व्यवहार्य समाधान बना हुआ है।

# इसरो ने तंबोली कास्टिंग्स को आईएसी 2024 में भाग लेने के लिए किया आमंत्रित

एजेंसी

**भावनगर/नई दिल्ली।** बीएसई लिस्टेड तंबोली इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी, तंबोली कास्टिंग्स लिमिटेड को इटली के मिलान में 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 75वें इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस (आईएसी) में भाग लेने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से निमंत्रण मिला है। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि उसकी सहायक तंबोली कास्टिंग्स तंबोली कास्टिंग्स लिमिटेड (टीसीएल) को इटली के मिलान में 75वें इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस में शामिल होने के लिए इसरो से निमंत्रण मिला है। ये कंपनी भारत से भाग लेने वाली बीस कंपनियों में से एक है, जो कास्टिंग और मशीनिंग सेक्टर की एकमात्र प्रतिनिधि है। इस आयोजन में इसरो की-कॉन्ट्रीब्यूटर



और प्लैटिनम स्पॉन्सर भी है, जो आईएसी के आयोजन में भारतीय कंपनियों के एक प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव बी. तम्बोली ने कहा कि यह वास्तव में हमारे लिए हमारे द्वारा विकसित की गई स्वदेशी क्षमताओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। हम विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसरो ने हमें कांग्रेस में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है, जो एयरोस्पेस क्षेत्र में हमारी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ बताता है और हम इस सेक्टर में अपने फुटप्रिंट को आगे बढ़ाने के लिए कमिटेड हैं। तम्बोली कास्टिंग्स लिमिटेड, मिशन क्रिटिकल कंपोनेंट का निर्माण करती है। ये न्यूमेटिक्स एवं ऑटोमेशन, पंप, वाल्व और टर्बो पार्ट्स, एयरोस्पेस तथा ऑटोमोटिव इंडस्ट्रीज में विशेषज्ञता रखता है। टीसीएल को 2004 में एक एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड यूनिट के रूप में इनकॉर्पोरेट किया गया था, जो 2006 में उत्पादन शुरू किया था। इसके ग्राहकों में यूरोप, अमेरिका और एशिया की फॉर्च्यून 500 कंपनियां और ब्रांड शामिल हैं, जिनमें फेरारी, सीमेंस, इसरो, जगुआर, फ्लोसर्व, फोर्ड, वोइथ, बॉश, एलएंडटी सहित अन्य प्रमुख कंपनियां है।

## कैट ने त्योहारी सीजन में करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना जताई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े त्योहार दिवाली एवं उससे जुड़े अन्य त्योहारों की श्रृंखला को लेकर व्यापारी और उपभोक्ता दोनों बेहद उत्साहित हैं। यही वजह है कि इस बार रक्षा बंधन से लेकर दिवाली तक के त्योहारी सीजन में देशर के बाजार गुलजार हैं। इस वर्ष त्योहारी सीजन का व्यापार 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का रहा था। त्योहारों के सीजन के बाद शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। इसमें भी देशभर के व्यापारी बड़े व्यापार होने की उम्मीद कर रहे हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल को इस त्योहारी सीजन में करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है। खंडेलवाल ने जारी एक बयान में बताया कि कैट ने देश के विभिन्न राज्यों के 70 शहरों में स्थित व्यापारिक वितरण केंद्रों में व्यापारी संगठनों के बीच हालिया सर्वे कराया है। समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष देशभर में व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की मांग एवं पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि इसको देखते हुए इस वर्ष त्योहारी सीजन का व्यापार 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का रहा था। खंडेलवाल ने कहा कि अकेले राजधरानी नई दिल्ली में ही इस त्योहारी सीजन के व्यापार का आंकड़ा 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक जा सकता है। खंडेलवाल ने कहा कि त्योहारों के सीजन के बाद शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। इसमें भी देशभर के व्यापारी बड़े व्यापार होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## एआई का उपयोग मजबूत नियामक ढांचे द्वारा निर्देशित होनी चाहिए: सिंधिया

**नयी दिल्ली।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बहुत तेजी और सटीकता को सक्षम बना रहा है लेकिन इसका उपयोग नैतिक विचारों और मजबूत नियामक ढांचे द्वारा निर्देशित होनी चाहिए। श्री सिंधिया ने यहां भारतमंडप में आईटीयू डब्ल्यूटीएसए कार्यक्रम में कहा कि एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का निर्देशित करने पर बाद में नहीं सोचा जा सकता है।

संरक्षक: संजय शुक्ला, ( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:

उपसंपादक: राकेश द्विवेदी

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारूकी ,

सहायक संपादक: रिजवान सैफ खान,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# कौशल भारत मिशन में एआई असिस्टेंट के लिए एमएसडीई ने मेटा के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने कौशल भारत मिशन के लिए कृत्रिम मेधा सहायक (एआई असिस्टेंट) लाने और वर्चुअल रियलिटी तथा मिक्स्ड रियलिटी में उत्कृष्टता के पांच केंद्र स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के साथ साझेदारी की है। एआई असिस्टेंट पर इस साझेदारी का उद्देश्य सूचना तक पहुंच को सरल बनाना, सीखने के परिणामों में सुधार करना और सहज डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से छात्रों को निर्बाध सहायता प्रदान करना है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस साझेदारी के तहत मेटा के ओपन-सोर्स लामा मॉडल द्वारा संचालित एक अभिनव एआई-संचालित चैटबॉट को स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल पर शिक्षार्थियों के अनुभव को बढ़ाने के



लिए विकसित किया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक इसके अलावा हैदराबाद, बेंगलुरु, जोधपुर, चेन्नई और कानपुर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) के 5 उत्कृष्टता केंद्र शिक्षार्थियों और प्रशिक्षकों को नवीनतम वीआर प्रौद्योगिकी से लैस करेंगे, ताकि वे सुरक्षित, मनोरंजक और आकर्षक वातावरण में मौजूदा कौशल सीख सकें और बढ़ा सकें।कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारा मिशन भारत के युवाओं को आज के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी और मिक्स्ड रियलिटी जैसी तकनीकों को स्किल इंडिया इकोसिस्टम में एकीकृत करके, हम देश के युवाओं के लिए व्यक्तिगत शिक्षण मार्ग को सक्षम करने वाली अत्याधुनिक तकनीकों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना रहे हैं। उन्?होंने कहा कि मेटा के साथ हमारी साझेदारी आज इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष और सार्वजनिक नीति प्रमुख शिवनाथ ठुकराल ने कहा कि मेटा में हम भारत के आर्थिक विकास के लिए सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए एआई, वीआर और एमआर जैसी अग्रणी तकनीकों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के साथ ये साझेदारियां प्रौद्योगिकी और शिक्षा के बीच की खाई को पाटने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

# वोल्टास सहित 38 कंपनियों ने 'व्हाइट गुड्स' के लिए पीएलआई योजना के तहत किया आवेदन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वोल्टास, डाइकिन और ब्लू स्टार सहित 38 कंपनियों ने व्हाइट गुड्स (एसी और एलईडी लाइट) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे दौर में 4,121 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवेदन किया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि आवेदन विंडो के तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के लिए आवेदन किया है। मंत्रालय के मताबिक केंद्र सरकार ने जुलाई में एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट के लिए 6,238 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना के लिए फिर से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू किए थे। इन 38 आवेदकों में 20 एसी कलपुर्जों (3,679 करोड़ रुपये) और 18 एलईडी लाइट (442 करोड़ रुपये) के लिए हैं। उद्योग एवं आंतरिक




व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा कि इस योजना से क्षेत्र को लाभ मिल रहा है। मूल्य संवर्धन 25 फीसदी से बढ़कर करीब 50 फीसदी हो गया है, जबकि आने वाले वर्षों में मूल्य संवर्धन करीब 80 फीसदी तक बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों (2028-29 तक) 38 कंपनियों द्वारा एसी कलपुर्जों और एलईडी लाइट के लिए करीब 55,877 करोड़ रुपये का उत्पादन हासिल करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस योजना से करीब 47,851 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। सरकार ने अधिक कंपनियों को इस योजना के दायरे में शामिल करने के लिए ऐसा किया है।

# महाकुंभ: स्मार्ट ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर रही है योगी सरकार

प्रयागराज

**प्रयागराज में** दिव्य ,भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन के लिए योगी सरकार द्वारा की जा रही तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सरकार महाकुंभ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के अनुभव स्मरणीय बनाने के लिए कई अभिनव प्रयास कर रही है। सड़क यातायात सुगम बनाना इसी का एक हिस्सा है जिसे लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट कुंभ नगरी में धरातल में उतारा जा रहा है।

**39 ट्रैफिक जंक्शन का हो रहा है निर्माण**

सड़क मार्ग से प्रयागराज की पहुंच को सरल बनाने के साथ-साथ शहर में यातायात व्यवस्था को नया स्वरूप देने के लिए पहली बार शहर में 39 ट्रैफिक जंक्शन का निर्माण किया जा रहा है।

अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुंभ के पूर्व शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए 39 ट्रैफिक जंक्शन बनाए जा रहे हैं। तकरीबन 50 करोड़ के बजट से इनका निर्माण हो रहा है। इसके टेंडर जारी हो चुके हैं । महाकुंभ के आगंतुकों के लिए ये सुगम यातायात और सौंदर्यीकरण का माध्यम बनेंगे । ट्रैफिक जंक्शन के निर्माण के पूर्व एक एजेंसी के माध्यम से उन चौराहों का सर्वे भी कराया गया है जहां आवागमन में ट्रैफिक की समस्या ज्यादा रहती है। इसके बाद इन जंक्शन का डिजाइन बनाया गया है।

**सुगम यातायात और खूबसूरत लुक का फ्यूजन होंगे जंक्शन**

शहर में यातायात व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए पहली बार बनाए जा रहे ये ट्रैफिक जंक्शन बहु उपयोगी होंगे । इन्हें उस आकार में डिजाइन किया गया है कि ये ट्रैफिक को अच्छी तरह से व्यवस्थित कर सकें । अपर कुंभ मेला अधिकारी के मुताबिक इसके लिए ट्रैफिक जंक्शन में आइलैंड तैयार किए जा रहे हैं। उसी के मुताबिक इनका आकार छोटा या बड़ा किया जायेगा। जंक्शन में स्मार्ट सिग्नल ट्रैफिक व्यवस्था होगी जो पूरी तरह स्वचालित होगी। जंक्शन को खूबसूरत लुक देने के लिए शेष बचे स्थान में स्कल्पचर और आकर्षक लाइट्स भी लगाई जाएंगी। जंक्शन के अंदर ही हरित पट्टिका भी बनेगी जिसमें छोटे आकार के सजावटी पौधे रोपित किए जाएंगे। ये ट्रैफिक जंक्शन कुंभ के स्नान पर्वों में आने वाली भीड़ के प्रबंधन में उपयोगी होंगे।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169 । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी